हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, रविवार 1 नवंबर 2026





छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस

राज्योत्सव 2026

सशक्त नारी, युवा उड़ान



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

शुभारंभ समारोह

01 नवंबर 2026

राज्योत्सव मैदान
नवा रायपुर अटल नगर
(छत्तीसगढ़)

मुख्य अतिथि

डॉ. मनसुख मांडविया
माननीय केंद्रीय श्रम एवं रोजगार,
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री, भारत सरकार

अध्यक्षता

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

विशिष्ट अतिथि

डॉ. रमन सिंह
माननीय अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा

श्री तोखन साहू
माननीय केंद्रीय राज्यमंत्री, भारत सरकार

श्री अरुण साव
माननीय उप मुख्यमंत्री,छत्तीसगढ़

श्री विजय शर्मा
माननीय उप मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

एवं

समस्त माननीय मंत्री, सांसद, विधायक, निगम, मंडल, आयोग, जिला पंचायत के माननीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण
माननीय महापौर की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित है।

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की

सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...

पीएम आवास योजना
24.54 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को पक्की छत

कृषक कल्याणकारी योजनाओं से
₹1.5 लाख करोड़ से अधिक की राशि किसानों को अंतरित

डेस्टिनेशन छत्तीसगढ़
छत्तीसगढ़ में पर्यटन को उद्योग का दर्जा **ट्राइबल हेरिटेज** व **ईको टूरिज्म** को बढ़ावा

सड़कों का विकास
₹40 हजार करोड़ से अधिक की लागत से राजमार्गों का विकास



विकास विश्वास विजन

संवर रहा छत्तीसगढ़

महतारी वंदन योजना
68 लाख महिलाओं को **₹20,708 करोड़** से अधिक की राशि अंतरित

इन्वेस्ट छत्तीसगढ़
₹8.60 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त

रेलवे का विस्तार
₹54,000 करोड़ की रेल परियोजनाओं का क्रियान्वयन

जनजातीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन
बस्तर एवं सरगुजा ओलंपिक, बस्तर पण्डुम का निरंतर आयोजन

सेवा सेतु जनता के द्वार, डिजिटल सरकार
38 विभागों की **953 सेवाएं** एक ही प्लेटफॉर्म पर

हमसे जुड़ने के लिए **QR स्कैन करें**

सीएम हेल्पलाइन 1076
हर शिकायत की सुनवाई
हर समस्या का समाधान

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क | Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



संस्कृति मंत्री राजेश की अध्यक्षता में 2 नवंबर को होगा विशेष सांस्कृतिक आयोजन, राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि

प्रसिद्ध पार्श्व गायिका पलक मुच्छल, स्वास्ति मेहुल और गायक अभिजीत भट्टाचार्य की प्रस्तुतियां होंगी आकर्षण का केंद्र

3 नवंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में होगा समापन, वायुसेना के सारंग शो को लेकर क्रेज

केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया करेंगे राज्योत्सव का शुभारंभ, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे अध्यक्षता

राज्योत्सव का भव्य आगाज आज से, संगीत कला और सुरों से सराबोर होगा नवा रायपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ राज्योत्सव का भव्य शुभारंभ 1 नवंबर को होगा। नवा रायपुर अटल नगर स्थित राज्योत्सव मैदान में 1 से 3 नवंबर तक आयोजित होने वाला यह महोत्सव छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधता, लोककलाओं और परंपराओं का जीवंत संगम बनेगा। देश के प्रसिद्ध पार्श्व गायक और गायिकाएं अपनी प्रस्तुतियों से उत्सव की रौनक बढ़ाएंगे। स्थानीय और बॉलीवुड गायक अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे तो वायुसेना का सारंग डिस्प्ले कालोगों में क्रेज बना हुआ है। राज्योत्सव के उद्घाटन समारोह में 1 नवंबर को शाम 6 बजे केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री ▶▶|शेष पेज 6 पर


अमित शाह

मनसुख मांडविया

विष्णुदेव साय

शिल्पग्राम में तीन दिनों तक दिखेगी छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति की अनुपम छटा

शिल्पग्राम मंच पर प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ होंगे। तीन दिनों में कुल 30 स्थानीय प्रस्तुतियों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोककला, लोकसंगीत, नृत्य, नाट्य और विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। इन प्रस्तुतियों में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आने वाले कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। शिल्पग्राम में पंडवानी, पंथी, सुआ नृत्य, कथक, ओडिसी, लोकमंच, लोकगीत, भजन, सूफी संगीत, गजल, शास्त्रीय नृत्य और आदिवासी लोकसंगीत जैसी विविध विधाओं को स्थान दिया गया है। इससे स्थानीय कलाकारों को अपनी कला के प्रदर्शन का व्यापक मंच मिलेगा और दर्शकों को छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधता से परिचित होने का अवसर प्राप्त होगा।

सोने का सच्चा भाव

आनंद का सच्चा भाव

18 कैरेट रेट (75.00%)	₹103780/-
22 कैरेट रेट (91.60%)	₹126750/-
24 कैरेट रेट (99.99%)	₹138359/-

Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।

anand jewels Pandri, Raipur

खबर संक्षेप

उमर अब्दुल्ला ने निधि राजदान से की शादी



नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने यहां टेलीविजन पत्रकार निधि राजदान से शादी कर ली। उमर (56) ने शनिवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, शुक्रवार को एक नई यात्रा शुरू हुई। उन्होंने इस पोस्ट में निधि को भी टैग किया। इस पोस्ट में दंपति की चार तस्वीरें भी शामिल थीं। सूत्रों ने बताया कि दोनों की शादी शुक्रवार को यहां विशेष विवाह अधिनियम के तहत हुई। शादी में दोनों परिवारों के सदस्य गवाह के रूप में मौजूद थे। उमर की पहली पत्नी पायल से शादी इस साल जुलाई में उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद समाप्त हो गई थी।

सरकारी रिकार्ड में स्थायी तौर पर ब्लैक लिस्टेड करने का मैसेज

बीमा और पीयूसी नहीं तो स्कूटर-बाइक होंगी ब्लैकलिस्ट, 64 लाख वाहन मालिकों को टेंशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दोपहिया वाहन मालिक जिन लोगों ने बाइक, मोपेड खरीदने के बाद से अपनी गाड़ी का बीमा के साथ प्रदूषण प्रमाणपत्र का नवीनीकरण नहीं कराया है, उन लोगों को केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का मैसेज मिल रहा है। इसके कारण राज्य के लाखों दोपहिया वाहन मालिकों की चिंता बढ़ गई है।

मैसेज में कहा गया है कि संबंधित गाड़ी का प्रदूषण सर्टिफिकेट और बीमा नहीं होने के कारण उसे आर्काइव में डाला जा रहा है। इसका अर्थ है कि उस गाड़ी को न बेचा जा सकेगा न नाम ट्रांसफर किया जा सकेगा। खास बात यह है कि छत्तीसगढ़ में 90 फीसदी दोपहिया वाहन चालकों के पास यह दोनों ही सर्टिफिकेट नहीं हैं।

मैसेज केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय से आ रहा है। उल्लेख किया गया है कि लंबे समय तक बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र (पीयूसीसी) का नवीनीकरण नहीं कराने पर उनकी गाड़ी को 10 सितंबर 2026 से स्थायी रूप से आर्काइव यानी एक तरह से सरकारी रिकॉर्ड में निष्क्रिय, ब्लैकलिस्टेड करने का उल्लेख है। साथ ही इसे मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध ▶▶|शेष पेज 6 पर

हरिभूमि खास

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग का मैसेज



प्रक्रिया पूरी करने पर मिलेगी राहत

परेशानी से बचने के लिए वाहन मालिक को तुरंत स्थानीय आरटीओ ऑफिस जाना होगा, वहां जरूरी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बकाया जुर्माना, टैक्स की राशि जमा करना होगा और वाहन को दोबारा एक्टिव कराने की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

64 लाख दोपहिया मालिक परेशानी में फंस सकते हैं

वर्ष 2025 के आंकड़ों के अनुसार राज्य में कुल दोपहिया गाड़ियों की संख्या 70.80 लाख है। राज्य में कुल पंजीकृत वाहन 95 लाख 75 हजार 343 हैं। इस लिहाज से राज्य की सड़कों पर सबसे ज्यादा दौड़ने वाली गाड़ियां दोपहिया हैं। जितनी दोपहिया गाड़ी राज्य की सड़कों पर दौड़ रही हैं, उन गाड़ियों के मालिक गाड़ी नई खरीदने के बाद महज दो से तीन साल बीमा का नवीनीकरण कराते हैं। पीयूसी का भी हाल कुछ इसी तरह से है। 90 प्रतिशत से ज्यादा वाहन मालिक अपनी दोपहिया का बीमा कराने के साथ पीयूसीसी कराने पर ध्यान नहीं देते। ऐसे में 64 लाख दोपहिया वाहन मालिकों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

इन परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है

- बगैर बीमा, प्रदूषण जांच कराते दोपहिया चलाते पकड़े जाने पर उनकी गाड़ी का चालान कट सकता है, गाड़ी सीज (जब्त) हो सकती है और चालक को कोर्ट के चक्कर काटने पड़ सकते हैं।
- सरकारी पोर्टल पर वाहन का स्टेटस 'आर्काइव' या 'ब्लैकलिस्ट' होने के कारण चालक भविष्य में ऑनलाइन न तो टैक्स भर पाएगा, न ही बीमा या फिटनेस रीन्यू करा पाएगा।
- इस स्थिति में वाहन का एक्सीडेंट हो जाता है, तो बीमा कंपनी किसी तरह का क्लेम नहीं देगी। थर्ड पार्टी के नुकसान की पूरी भरपाई चालक या मालिक को अपनी जेब से करनी होगी, जो हजारों में हो सकती है।
- लंबे समय तक डिफॉल्टर रहने के कारण आरटीओ गाड़ी का रजिस्ट्रेशन हमेशा के लिए रद्द कर सकता है, जिससे गाड़ी की रीसेल वैल्यू शून्य हो जाएगी और उसे दोबारा सड़क पर नहीं उतारा जा सकेगा।

एकता दिवस परेड में बोले पीएम मोदी

अशांति फैलाने की कोशिश कर रहे 'दिमागी नक्सली'

एजेंसी ▶▶| एकता नगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वह 'विरोध पक्ष' के बजाय 'अवरोध पक्ष' बन गया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश को एकजुट रहना चाहिए। वह सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर गुजरात के एकता नगर स्थित परेड ग्राउंड में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने कहा, मैंने पिछले साल कहा था कि जब तक देश नक्सलवाद और माओवाद से मुक्त नहीं हो जाता, हम चैन से नहीं बैठेंगे। हमने अपना यह वादा पूरा किया है। हालांकि, हमने नक्सलियों का सफाया कर दिया है, लेकिन 'दिमागी नक्सलियों' का खतरा अब भी बहुत अधिक है।


प्रधानमंत्री ने 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' पर सरदार पटेल को पुष्पांजलि अर्पित की

2,000 कलाकारों ने नक्सल-मुक्त भारत के जश्न में दी प्रस्तुति

किसी जमाने में माओवाद के साये में रहे 126 जिलों के 2,000 कलाकारों ने शनिवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में एकता दिवस परेड के दौरान अपनी प्रस्तुति के जरिये भय और हिंसा के माहौल से नक्सल-मुक्त भारत तक के बदलाव की कहानी पेश की। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा तैयार और 'नक्सल मुक्त भारत' नाम से प्रस्तुत इस नाटक का निर्देशन संस्थान के निदेशक चित्तरंजन त्रिपाठी ने किया। यह नाटक सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह का मुख्य आकर्षण रहा।

MushroomAD

Mushroom Soup Powder

हेल्थी बॉडी, कॉन्फिडेंस रेडी

लाखो ग्राहकों का विश्वास

MADE IN INDIA



भारत में सबसे ज्यादा बिकने वाला मशरूम उत्पाद

मशरुम के प्राकृतिक गुणों से भरपूर

- भूख व वजन बढ़ाने में सहायक
- दुबलेपन को दुर करने में सहायक
- प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक
- गैस तथा एसिडीटी के लिए भी लाभदायक
- उर्जावान बनाने व कॉन्फिडेंस बढ़ाने में सहायक
- कमजोरी हटाने व नया खुन बनाने में सहायक



सभी मेडिकल्स में उपलब्ध. For More details Trade Enquiry 9373556677, 9823286830

SS - पंकज मेडीकोज, बिलासपुर -6261187686, नथानी एजेंसी, रायपुर - 7746032260, राजनांदगाव - महेश एजन्सी-7000616262, तासचंद चितलांगीया | कं. -8889669996

ज्ञानेश पर देशद्रोह का मुकदमा चले, भेजा जाए जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने शनिवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग करते हुए कहा कि उनके खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा चलाया जाना चाहिए क्योंकि उन्होंने 'राष्ट्रीय और राज्यों के चुनावों को चुराने के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा रची गई आपराधिक साजिश' में भाग लिया है।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कुमार को आरोपी बनाने संबंधी 'प्रस्ताव' प्रतीकात्मक 'जन महाभियोग' कार्यक्रम में रखा। विपक्ष ने चुनावी अनियमितताओं और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ यह कार्यक्रम आयोजित किया। प्रस्ताव में कहा गया कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सांसदों ने उसमें उल्लिखित 'आरोपों' के आधार पर कुमार के खिलाफ महाभियोग चलाने का संकल्प लिया है। पहले आरोप में विपक्षी गठबंधन ने दावा किया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त कुमार ने 'राष्ट्रीय और राज्यों के चुनावों को चुराने के लिए भाजपा द्वारा रची गई द्वेषपूर्ण और दुर्भावनापूर्ण आपराधिक साजिश' की निगरानी की और उसमें भाग लिया। इसमें आरोप लगाया गया कि कुमार ने 'जानबूझकर कानून के शासन को तोड़ा और उन्हें मतदाता सूचियों तक पहुंच बनाने, मनमाने ढंग से मतदाताओं के नाम हटाने एवं जोड़ने तथा चुनाव परिणामों में हेरफेर करने की अनुमति दी। प्रस्ताव में कहा गया, वह चुनावी प्रक्रिया पर पहले से सुनियोजित हमले को अमल में लाने के दोषी हैं, जबकि यही प्रक्रिया भारत के लोकतंत्र की बुनियाद है। यह एक आपराधिक ▶▶|शेष पेज 6 पर

इधर, भाजपा ने कसा तंज

पात्रा ने कहा- वोट चोरी कर नेहरू बने थे पीएम



वोट चोरी और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष द्वारा किए जा रहे मॉक पार्लियामेंट पर भाजपा ने तंज कसा है। भाजपा की तरफ से कहा गया कि 'वोट चोरी में सच्चाई है, यह हुई थी। यह गांधी नेहरू खानदान के पहले व्यक्ति पंडित जवाहर लाल नेहरू ने की थी।' सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उनका जिक्र करते हुए भाजपा की तरफ से कहा गया कि प्रधानमंत्री पद के लिए वोट पटेल के खाते में गिरे थे, लेकिन नेहरू वोट चोरी करके पीएम बन गए। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों द्वारा वोट चोरी के आरोपों पर तीखा पलटवार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि देश के पहले प्रधानमंत्री के चयन के दौरान ही वोट चोरी हुई थी।

SAWANSUKHA JEWELLERS

BIGGEST JEWELLERY OFFER

24th Oct–8th Nov

0% मेकिंग चार्ज*, ज्वेलरी पर

0% डिडक्शन, पुराने सोने के एक्सचेंज पर*



* शर्तें लागू

सदर बाज़ार, रायपुर | हर रविवार खुला है | पार्किंग उपलब्ध

91470 75332

**इजराइल के हाल ही में हुए संसदीय चुनाव में वस्तुतः किसी भी एक राजनीतिक गठबंधन को 120 सीटों वाली संसद में स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं हो सका है। नेतन्याहू के नेतृत्व वाला राजनीतिक गठबंधन संसद में स्पष्ट बहुमत के आंकड़े से आठ सीटों से पीछे रह गया है। चुनाव के आंकड़े साफ तौर पर बयान कर रहे हैं कि सन् 2022 चुनाव के मुकाबले में प्रधानमंत्री नेतन्याहू की राजनीतिक लोकप्रियता में विकट गिरावट दर्ज की गई है। ऐसे में त्रिशंकु संसद के आसार बनते दिखाई दे रहे हैं। उधर, अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के दौरान हो रहे मिड-टर्म चुनाव उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' की नीतियों, आक्रामक व्यापारिक रुख और वैश्विक कूटनीति के लिए एक निर्णायक मोड़ साबित होने जा रहे हैं। यदि इन चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी को करारा झटका लगता है तो इसके घरेलू राजनीति के साथ-साथ पूरी वैश्विक व्यवस्था पर दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे। वहीं, यूरोप के कई देशों में हिंसा, आगजनी, विरोध-प्रदर्शनों और सामाजिक तनाव की घटनाएं सामने आई हैं। वहां शरणार्थी संकट स्पष्ट करता है कि केवल मानवीय आधार पर शरण देना पर्याप्त नहीं है; इसके साथ सामाजिक एकीकरण, रोजगार, शिक्षा, सुरक्षा और दीर्घकालिक योजना पर भी गंभीरता से काम करना आवश्यक है। *इन्हीं मुद्दों की पड़ताल करता आजकल का यह खास अंक...*

इजराइल : सत्ता से बेदखल हो सकते हैं नेतन्याहू



विश्लेषण

प्रभात कुमार रॉय
विदेश मामलों के जानकार

इजराइल में संपन्न हुए संसदीय चुनाव के परिणाम प्राप्त हो चुके हैं। चुनाव परिणाम के तत्पश्चात यक्ष प्रश्न उपस्थित हुआ है कि क्या बेंजामिन नेतन्याहू सत्ता से बेदखल हो सकते हैं? इजराइल के चुनाव पर यूं तो समस्त विश्व की निगाहें टिकी रही हैं, किंतु भारत में इस चुनाव को लेकर विशेष उत्सुकता और उत्कंठा व्याप्त रही है, क्योंकि इजराइल के साथ भारत की घनिष्ठ मित्रता कूटनीतिक ताल्लुकात से कहीं अधिक गहन होकर अत्यंत आत्मीय संबंधों के शिखर तक जा पहुंची है। इजराइल के इस संसदीय चुनाव में वस्तुतः किसी भी एक राजनीतिक गठबंधन को 120 सीटों वाली संसद में स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं हो सका है। इजराइल बनाम ईरान जंग की जबरदस्त तपिश से सराबोर बड़े जोश खरोश के साथ प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू चुनाव मैदान में उतरे थे।

इजराइल में संपन्न हुए संसदीय चुनाव के परिणाम प्राप्त हो चुके हैं। चुनाव परिणाम के तत्पश्चात यक्ष प्रश्न उपस्थित हुआ है कि क्या बेंजामिन नेतन्याहू सत्ता से बेदखल हो सकते हैं? इजराइल के चुनाव पर यूं तो समस्त विश्व की निगाहें टिकी रही हैं, किंतु भारत में इस चुनाव को लेकर विशेष उत्सुकता और उत्कंठा व्याप्त रही है, क्योंकि इजराइल के साथ भारत की घनिष्ठ मित्रता कूटनीतिक ताल्लुकात से कहीं अधिक गहन होकर अत्यंत आत्मीय संबंधों के शिखर तक जा पहुंची है। इजराइल के इस संसदीय चुनाव में वस्तुतः किसी भी एक राजनीतिक गठबंधन को 120 सीटों वाली संसद में स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं हो सका है। इजराइल बनाम ईरान जंग की जबरदस्त तपिश से सराबोर बड़े जोश खरोश के साथ प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू चुनाव मैदान में उतरे थे। चुनाव परिणाम में नेतन्याहू की लिकुड पार्टी तो केवल 27 सीटों पर सिमट कर रह गई है और उनके नेतृत्व वाला राजनीतिक गठबंधन भी इजराइली संसद में केवल 53 सीटें ही हासिल कर पाया। उल्लेखनीय है कि चार वर्ष पहले सन् 2022 के संसदीय चुनाव में नेतन्याहू की लिकुड पार्टी को 32 सीटें हासिल हुई थी और नेतन्याहू के नेतृत्व में उनके राजनीतिक गठबंधन ने 64 संसदीय सीटों पर विजय हासिल हुई थी। 2022 के संसदीय चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री येअर लेपिड के नेतृत्व वाले राजनीतिक गठबंधन को केवल 51 सीटों पर विजय हासिल हुई थी। वर्ष 2026 के संसदीय चुनाव में नेतन्याहू के नेतृत्व वाला राजनीतिक गठबंधन संसद में स्पष्ट बहुमत के आंकड़े से आठ सीटों से पीछे रह गया है। संसदीय चुनाव के आंकड़े साफ तौर पर बयान कर रहे हैं कि सन् 2022 चुनाव के मुकाबले में प्रधानमंत्री नेतन्याहू की राजनीतिक लोकप्रियता में विकट गिरावट दर्ज की गई है। जनरल आइजनकोट की कमान में विपक्षी पार्टियों के गठबंधन को 48 संसदीय सीटों पर विजय हासिल हुई है। अत्यंत विस्मयकारी रूप से इजराइल की अरब पार्टियों को 19 सीटों पर जीत हासिल हुई है। वर्ष 2022 के संसदीय चुनाव में अरब पार्टियों को केवल 10 सीटें प्राप्त हुईं।



इजराइली लोकतंत्र के समक्ष गंभीर सुरक्षा चुनौतियां

मध्य पूर्व में मौजूद शाही सामंती सरकारों के मध्य स्थापित इजराइली लोकतंत्र के समक्ष गंभीर सुरक्षा चुनौतियां सदैव उपस्थिति रहती हैं। ऐतिहासिक तौर पर दृष्टि डाली जाए तो 1948 में अपने स्थापना काल से आज तक इजराइल में किसी भी एक राजनीतिक पार्टी की हुकूमत अस्तित्व में नहीं आ पाई। मैडम गोल्डा मायर जैसी अत्यंत लोकप्रिय लीडर को भी इजराइली संसद में केवल 56 सीटें हासिल हो पाई थीं। किसी भी राजनीतिक गठबंधन को स्पष्ट बहुमत न मिल पाने के कारण वर्ष 2019 से वर्ष 2022 के मध्य इजराइल में पांच बार संसदीय चुनावों का आयोजन करना पड़ा था। इजराइल की तकरीबन एक करोड़ आबादी में छियत्तर लाख मतदाता हैं। वर्ष 2022 के संसदीय चुनाव के पश्चात इजराइल में प्रधानमंत्री नेतन्याहू के राजनीतिक गठबंधन की सरकार का गठन किया जा सका, जिसने अपना चार वर्ष का कार्यकाल पूरा किया। प्रबल प्रश्न है कि क्या विपक्षी गठबंधन नेतन्याहू को राजसत्ता से बेदखल करने के लिए अरब पार्टियों के साथ मिलकर हुकूमत निर्मित करने का जोखिम लेगा, जिनका वह विरोधी रहा है। प्रबल वामपंथी लीडर यायर गोलान ने कहा है कि राजसत्ता से नेतन्याहू को बेदखल करने के लिए अरब पार्टियों के साथ साझेदारी करने की पेशकश की है और कहा है कि यहूदियों और अरबों के मध्य धार्मिक और नस्लवादी मतभेदों को अब तो इजराइल में गहरा दफन कर देना चाहिए। वामपंथी लीडर यायर गोलान की पेशकश को यदि आइजनकोट का राजनीतिक गठबंधन स्वीकार कर लेता है तो फिर यकीनन नेतन्याहू इजराइल के अगले प्रधानमंत्री नहीं बन सकेंगे।

अरब पार्टियों को फंडिंग

प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने संगीन इल्जाम आयद किया है कि इजराइल विरोधी शक्तियों द्वारा चुनाव में उनकी प्रबल विरोधी अरब पार्टियों को जबरदस्त फंडिंग की गई है और अरब पार्टियों द्वारा संसदीय चुनाव को चोरी कर लिया गया है। नेतन्याहू की लिकुड पार्टी ने भी अपने बयान में इल्जाम लगाया कि मतदाताओं को बरगलाने और आकर्षित करने के लिए रिश्वतखोरी, हिंसा, धोखाधड़ी और प्रतिबंधित सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल किया गया। हालांकि इस संगीन इल्जामात को सिद्ध करने के लिए कोई पुख्ता प्रमाण नेतन्याहू और लिकुड पार्टी द्वारा अभी तक पेश नहीं किए गए हैं। नेतन्याहू के इल्जामात पर इजराइल की आंतरिक सुरक्षा एजेंसी शिन बेत ने बाकायदा जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इजराइल की केंद्रीय चुनाव समिति के कार्यवाहक महानिदेशक डीन लिवने ने फरमाया है कि संसदीय चुनाव की निष्पक्षता के व्यवस्थित उल्लंघन के इल्जामात को साबित करने के लिए किसी किस्म के ठोस और पुख्ता सबूत उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। अतः केंद्रीय चुनाव समिति के महानिदेशक द्वारा इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया गया है। इजराइल के संसदीय चुनाव के अंतिम परिणाम प्राप्त हो जाने के तत्पश्चात हुकूमत निर्मित करने के सिर्फ तीन संभावित विकल्प दृष्टिगोचर हो रहे हैं।

तीन संभावित विकल्प

प्रथम संभावित विकल्प है कि बेंजामिन नेतन्याहू और जनरल आइजनकोट के संयुक्त नेतृत्व में इजराइल में एक राष्ट्रीय सरकार का गठन किया जा सकता है। दूसरा विकल्प है कि नेतन्याहू के नेतृत्वकारी गठबंधन के साथ जनरल आइजनकोट के विपक्षी गठबंधन से पृथक होकर कुछ पार्टियां नेतन्याहू के नेतृत्व में राजनीतिक गठबंधन सरकार में शामिल हो सकती हैं। तीसरा संभावित विकल्प है कि जनरल आइजनकोट के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार को अरब पार्टियों को समर्थन प्राप्त हो सकता है और जनरल आइजनकोट इसराइल के अगले प्रधानमंत्री बन सकते हैं। उल्लेखनीय है कि इजराइल की कुल आबादी में तकरीबन बीस फ़ीसदी आबादी अरब नागरिकों की है। अरब आबादी में मुख्यतः मुसलमान और ईसाई हैं। आश्चर्यजनक तौर पर इस चुनाव में अरब पार्टियों को तकरीबन 15 प्रतिशत वोट हासिल हुए हैं। चुनाव अभियान के दौरान नेतन्याहू और आइजनकोट के नेतृत्वकारी राजनीतिक गठबंधनों द्वारा अरब पार्टियों से अपनी राजनीतिक दूरी बाकायदा बरकरार बनाए रखी। चुनाव के बाद आए परिणामों ने सरकार के गठन करने की विवशता ने अरब पार्टियों को हुकूमत का गठन करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बना दिया है।

नीतिगत प्रश्नों पर रहे हैं मतभेद

नेतन्याहू के नेतृत्व में गठित राजनीतिक गठबंधन और जनरल आइजनकोट की कयादत वाले राजनीतिक गठबंधन के मध्य अनेक नीतिगत प्रश्नों पर अत्यंत तल्ख और तनावपूर्ण मतभेद रहे हैं। अतः इस बात की संभावना अत्यंत क्षीण है कि दोनों राजनीतिक गठबंधन एकजुट होकर राष्ट्रीय सरकार का गठन कर सकेंगे। 7 अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा अंजाम दिए गए घातक आक्रमण में तकरीबन 1200 से अधिक इजराइली नागरिक हलाक कर दिए गए थे और 251 को बंधक बना लिया था। गजा युद्ध में बड़े पैमाने पर इजराइल के रिजर्व सैनिक हताहत हुए थे। कट्टरपंथी यहूदियों का एक संप्रदाय हरेरी है, जिसकी कुल आबादी तकरीबन 15 फ़ीसदी है। यहूदी संप्रदाय हरेरी के युवाओं को अनिवार्य सैन्य सेवा से सदैव छूट हासिल रही है। पूर्णतः छूट के प्रश्न पर दोनों राजनीतिक गठबंधनों में गंभीर मतभेद विद्यमान हैं। जनरल आइजनकोट हरेरी संप्रदाय को अनिवार्य सैन्य सेवा से छूट देने के विरुद्ध हैं। यहूदियों के धार्मिक और धर्मनिरपेक्ष समाज के मध्य गहरी खाई सदैव विद्यमान रही है। इजराइल के राष्ट्रपति ने कहा कि संसदीय चुनाव में तकरीबन 78 प्रतिशत मतदान को दृष्टिगत रखते हुए कहा जा सकता है कि इजराइल के जनमानस में सजग और जीवंत लोकतंत्र के लिए कितनी गहरी इच्छा शक्ति विद्यमान है।

मिड-टर्म का महासंग्राम ट्रंप के भविष्य पर सवाल



चुनाव

डॉ. पवन कुमार शर्मा
स्वतंत्र पत्रकार

अमेरिकी राजनीति में मिड-टर्म यानी मध्यावधि चुनाव हमेशा से व्हाइट हाउस में बैठे राष्ट्रपति के कार्यकाल के लिए एक महत्वपूर्ण जनमत संग्रह माने जाते रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के दौरान हो रहे ये मिड-टर्म चुनाव केवल अमेरिकी संसद यानी कांग्रेस के नियंत्रण तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि यह उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' की नीतियों, आक्रामक व्यापारिक रुख और वैश्विक कूटनीति के लिए भी एक निर्णायक मोड़ साबित होने जा रहे हैं। यदि इन चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी को करारा झटका लगता है तो इसके घरेलू राजनीति के साथ-साथ पूरी वैश्विक व्यवस्था पर दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे। अमेरिका में मध्यावधि चुनाव मंगलवार, 3 नवंबर 2026 को आयोजित होने जा रहे हैं। अमेरिकी कानून के तहत मिड-टर्म चुनाव अमेरिकी संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव की सभी 435 सीटों, सीनेट यानी अमेरिकी उच्च सदन की 100 में से 35 सीटों, 36 राज्यों में गवर्नर पदों के लिए हो रहे हैं। कई प्रांतों में राज्य विधानमंडलों, मेयरों और स्थानीय अधिकारियों के चुनाव भी शामिल हैं। अमेरिका के मध्यावधि चुनाव यह तय करेंगे कि डोनाल्ड ट्रंप अपने एजेंडे को खुलकर आगे बढ़ा पाएंगे या उन्हें अपने कार्यकाल के अंतिम दो वर्षों में कांग्रेस के कड़े विरोध और नियंत्रण का सामना करना पड़ेगा। मिड-टर्म चुनावों में हार या रिपब्लिकन पार्टी का कमजोर प्रदर्शन राष्ट्रपति ट्रंप की राजनीतिक स्थिति को सीधे तौर पर प्रभावित करेगा। ऐसा होता है तो उनका विधायिका पर नियंत्रण कमजोर होना लाजिमी है। यदि विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव या सीनेट में बहुमत हासिल कर लेती है तो ट्रंप प्रशासन के लिए अपने विधायी एजेंडे को आगे बढ़ाना बेहद कठिन हो जाएगा।

अमेरिका में मध्यावधि चुनाव 3 नवंबर 2026 को आयोजित होने जा रहे हैं। मिड-टर्म चुनावों में हार या रिपब्लिकन पार्टी का कमजोर प्रदर्शन राष्ट्रपति ट्रंप की राजनीतिक स्थिति को सीधे तौर पर प्रभावित करेगा। ऐसा होता है तो उनका विधायिका पर नियंत्रण कमजोर होना लाजिमी है।

इमिग्रेशन, कर कटौती और संघीय बजट जैसे अहम मुद्दों पर संसद का कड़ा विरोध उनका रास्ता रोकेगा। ट्रंप अगर कमजोर होते हैं तो उन पर महाभियोग और जांच का खतरा बढ़ जाएगा। इतिहास गवाह है कि जब भी अमेरिकी राष्ट्रपति की पार्टी मिड-टर्म चुनावों में हारती है, विरोधी दल आक्रामक हो जाते हैं। यदि कांग्रेस पर विपक्ष का नियंत्रण होता है तो ट्रंप प्रशासन की नीतियों, कार्यकारी आदेशों और विदेश नीति के फैसलों के खिलाफ ताबड़तोड़ संसदीय जांच शुरू हो सकती है। वैश्विक भू-राजनीतिक परिदृश्य में अमेरिका केंद्रीय धुरी है। यदि ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी को मिड-टर्म चुनावों में पराजय का सामना करना पड़ता है तो इसका असर व्यापार, युद्ध और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर पड़ना लाजिमी है। ट्रंप प्रशासन द्वारा वैश्विक स्तर पर थोपे गए भारी-भरकम टैरिफ़ ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार को हिलाकर रखा है। मिड-टर्म चुनावों में रिपब्लिकन्स की हार को अलोकप्रिय आर्थिक नीतियों और बढ़ती महंगाई के खिलाफ जनता के गुस्से के रूप में देखा जाएगा। भले ही राष्ट्रपति ट्रंप के पास सीधे तौर पर ट्रेड टैरिफ़ लागू करने की कार्यकारी शक्तियां होती हैं, लेकिन संसद के दबाव और वैधानिक अवरोधों के कारण अमेरिका की संरक्षणवादी नीतियों की रफ्तार धीमी पड़ सकती है, जिससे वैश्विक बाजारों और मुक्त व्यापार समर्थकों को कुछ राहत मिल सकती है। वर्तमान में पश्चिम एशिया विशेषकर ईरान के साथ तनाव और सैन्य कार्रवाइयों के कारण वैश्विक तेल बाजार और अर्थव्यवस्था दबाव में हैं।

अमेरिकी जनता के एक बड़े वर्ग में इस बात की नाराजगी है कि इन विदेश नीतियों के कारण देश के भीतर जीवन स्तर महंगा हुआ है। जनता अगर रिपब्लिकन पार्टी को नकारती है तो अमेरिकी कांग्रेस युद्ध शक्तियों के प्रस्तावों के जरिए राष्ट्रपति के सैन्य हस्तक्षेप के अधिकारों पर लगाम कसने का प्रयास तेज कर देगी। इससे ईरान और अन्य संघर्ष क्षेत्रों में अमेरिका की सैन्य आक्रामकता सीमित हो सकती है जिससे वैश्विक स्तर पर ऊर्जा सुरक्षा और तेल कीमतों को कुछ स्थिरता मिल सकती है। राष्ट्रपति ट्रंप के कार्यकाल में यूक्रेन युद्ध को लेकर अमेरिका के रुख में नाटकीय बदलाव आए हैं और पारंपरिक यूरोपीय सहयोगियों के साथ दूरियां बढ़ी हैं। यदि डेमोक्रेट्स या ट्रंप विरोधी सांसद कांग्रेस में मजबूत होते हैं तो वे यूक्रेन के लिए अमेरिकी सैन्य और आर्थिक सहायता को पुनर्जीवित करने का प्रयास कर सकते हैं। इससे यूरोपीय संघ (ईयू) और नाटो के भीतर यह संदेश जाएगा कि अमेरिकी लोकतंत्र में अभी भी पारंपरिक गठजोड़ और बहुपक्षवाद के समर्थक मजबूत हैं। हालांकि, वाशिंगटन के भीतर इस खींचतान से वैश्विक सुरक्षा नीति में अनिश्चितता और बढ़ सकती है। ट्रंप प्रशासन ने ग्लोबल वार्मिंग, विश्व स्वास्थ्य संगठन और कई अंतरराष्ट्रीय मंचों से दूरी बनाने या अमेरिका को समेटने की नीति अपनाई है। अमेरिकी मिड-टर्म चुनाव 2026 केवल घरेलू राजनीति का विषय नहीं हैं बल्कि यह इस बात का पैमाना है कि क्या दुनिया का सबसे ताकतवर देश एकांगी और राष्ट्रवादी मार्ग पर आगे बढ़ता रहेगा या बहुपक्षीय संतुलन की ओर लौटेगा। यदि इन चुनावों में डोनाल्ड ट्रंप की पार्टी को बड़ा झटका लगता है तो यह उनकी अजेय छवि को खंडित करेगा और वैश्विक मंच पर अमेरिकी फैसलों का पूर्वानुमान दोबारा स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा राजनीतिक संदेश साबित होगा।

लूला की जीत से ब्रिक्स को मिलेगी निरंतरता



मंथन

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

ब्राजील में राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा की चुनावों में जीत ने भारत समेत सारी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। भारत में उनकी विजय को लेकर उत्साह अभूतपूर्व रहा है। लूला ने दक्षिणपंथी फ्लावियो बोल्सोनारो को शिकस्त दी। यह जीत सिर्फ ब्राजील की घरेलू राजनीति तक सीमित नहीं है। इसके संदेश अमेरिका, भारत, चीन, रूस और ब्रिक्स जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों के लिए भी अहम हैं। खासकर ऐसे समय में जब दुनिया अमेरिकी दबदबे, चीन के बढ़ते प्रभाव और नए आर्थिक शक्ति केंद्रों के उभार के बीच बदलाव के दौर से गुजर रही है, लूला की वापसी को एक बड़े राजनीतिक संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

सबसे पहले बात ब्रिक्स की। लूला की जीत का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय संदेश ब्रिक्स को लेकर है। ब्राजील इस संगठन का भारत के साथ संस्थापक सदस्यों में शामिल है। भारत, चीन, रूस और दक्षिण अफ्रीका के साथ मिलकर ब्राजील भी लंबे समय से इस बात की वकालत करता रहा है कि दुनिया की आर्थिक और राजनीतिक व्यवस्था में विकासशील देशों की भूमिका बढ़नी चाहिए। लूला ब्रिक्स को सिर्फ आर्थिक सहयोग का मंच नहीं मानते, बल्कि इसे वैश्विक व्यवस्था में संतुलन बनाने का जरिया भी मानते हैं। उनका मानना है कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में अमेरिका और यूरोप का दबदबा कम होना चाहिए और भारत, ब्राजील तथा दूसरे विकासशील देशों को ज्यादा प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। यही वजह है कि उनकी जीत से ब्रिक्स की मौजूदा दिशा को निरंतरता मिलने की उम्मीद है। चुनाव प्रचार के दौरान फ्लावियो बोल्सोनारो ने ब्रिक्स में ब्राजील की सदस्यता पर दोबारा विचार करने की बात कही थी। इसके उलट लूला ब्रिक्स के साथ सहयोग बढ़ाने के पक्षधर हैं। लूला भारत के मित्र हैं और भारत आते रहे हैं। जाहिर है कि लूला कि विजय से भारत खुश है। भारत और ब्राजील दोनों ही विकासशील देशों की आवाज को वैश्विक मंचों पर मजबूती से उठाने की बात करते हैं। लूला की वापसी से भारत-ब्राजील संबंधों में निरंतरता बनी रहनी तय है।

भारत के लिए भी यह एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है, क्योंकि ब्रिक्स जैसे मंचों पर दोनों देशों के बीच सहयोग से विकासशील देशों की आवाज को और मजबूती मिल सकती है। इस बीच, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुश तो नहीं होंगे लूला की सफलता से। फ्लावियो बोल्सोनारो की जीत से वाशिंगटन को ब्राजील में एक ऐसा नेतृत्व मिल सकता था, जिसकी राजनीतिक सोच ट्रंप ब्राजील के घरेलू मामलों को लेकर ट्रंप प्रशासन की नाराजगी के बीच अमेरिका ने ब्राजील के सामान पर अतिरिक्त टैरिफ भी लगाए थे। ऐसे में लूला की जीत के बाद दोनों देशों के बीच व्यापार और कूटनीतिक रिश्तों को लेकर खींचतान जारी रह सकती है। ब्राजील की अर्थव्यवस्था के लिए अमेरिकी बाजार और निवेश दोनों महत्वपूर्ण हैं। इसलिए लूला के सामने चुनौती यह होगी कि वह अमेरिका के साथ रिश्ते भी संभालें और अपनी स्वतंत्र विदेश नीति भी बनाए रखें। है। ब्राजील की प्राथमिकता अपने आर्थिक हितों को सुरक्षित



ब्राजील में राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा की चुनावों में जीत ने भारत समेत सारी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। यह जीत सिर्फ ब्राजील की घरेलू राजनीति तक सीमित नहीं है। इसके संदेश अमेरिका, भारत, चीन, रूस और ब्रिक्स जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों के लिए भी अहम हैं।

प्रशासन से ज्यादा मेल खाती। लेकिन लूला की जीत ने इस संभावना पर फिलहाल विराम लगा दिया है। लूला अमेरिका के विरोधी नहीं हैं, लेकिन वह अमेरिकी दबाव में विदेश नीति चलाने के पक्षधर भी नहीं हैं। उनका जोर इस बात पर रहता है कि ब्राजील अपने राष्ट्रीय हितों के हिसाब से फैसले करे। वह अमेरिका के साथ व्यापार और निवेश बढ़ाना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए चीन या रूस से रिश्ते खराब करने को तैयार नहीं हैं। दरअसल, पिछले कुछ समय में दोनों मुल्कों के रिश्तों में तनाव भी देखने को मिला है। जैयर बोल्सोनारो के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और रखना और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी भूमिका बढ़ाना है। कुल मिलाकर, लूला की चौथी जीत को अमेरिका के खिलाफ जीत या चीन के पक्ष में जनादेश मानना जल्दबाजी होगी।

इसका असली संदेश यह है कि ब्राजील अपनी विदेश नीति में किसी एक महाशक्ति पर निर्भर नहीं रहना चाहता। वह अमेरिका से रिश्ते भी रखेगा, चीन के साथ व्यापार भी बढ़ाएगा और ब्रिक्स में अपनी भूमिका भी मजबूत करेगा। दुनिया की बदलती व्यवस्था में ब्राजील की यही स्वतंत्र भूमिका आने वाले वर्षों में अंतरराष्ट्रीय राजनीति को प्रभावित कर सकती है।

प्रवासन नीति को जवाबदेह बनाना जरूरी



यूरोप

चरणजीत 'चरण'
स्वतंत्र पत्रकार

हाल के वर्षों में यूरोप के कई देशों में हिंसा, आगजनी, विरोध-प्रदर्शनों और सामाजिक तनाव की घटनाएं सामने आई हैं। कुछ घटनाओं में प्रवासियों और शरणार्थियों की संलिप्तता भी रही है। द्वितीय विश्वयुद्ध की विभीषिका झेलने के बाद यूरोप ने स्वयं को मानवाधिकारों, उदारवाद और वैश्विक एकजुटता के प्रमुख समर्थक के रूप में प्रस्तुत किया। राजनीतिक अस्थिरता, युद्ध, जातीय संघर्ष और आर्थिक बदहाली से जूझ रहे पश्चिम एशिया, अफ्रीका और एशिया के लाखों विस्थापित लोगों के लिए यूरोपीय देश सुरक्षित आश्रयस्थल बनकर उभरे। वर्ष 2015 में सीरिया के संकट के दौरान जर्मनी की तत्कालीन चांसलर एंजेला मर्केल की उदार शरणार्थी नीति ने इस मानवीय दृष्टिकोण को नई ऊंचाई प्रदान की। किंतु पिछले कुछ वर्षों में यूरोप के विभिन्न देशों में बढ़ती हिंसा और सामाजिक तनाव ने वहां की सरकारों को अपनी प्रवासन नीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए विवश किया है। कोई भी शरणार्थी अपने साथ अपनी भाषा, संस्कृति, विचारों और धार्मिक मान्यताओं को लेकर आता है।

विस्थापन की स्थिति में उसकी प्राथमिकता जीवन और आजीविका की सुरक्षा होती है, लेकिन समय के साथ अपनी सांस्कृतिक पहचान बनाए रखने की इच्छा भी स्वाभाविक रूप से उभरती है। समस्या तब उत्पन्न होती है, जब प्रवासियों और स्थानीय समाज के बीच सांस्कृतिक दूरी बढ़ती जाती है और आपसी सामंजस्य स्थापित नहीं हो पाता। आज यूरोप के अनेक देश इसी चुनौती का सामना कर रहे हैं। यूरोपीय देशों ने मानवीय आधार पर लोगों को आश्रय तो दिया, लेकिन उन्हें मुख्यधारा में सम्मिलित करने के लिए आवश्यक दीर्घकालिक रणनीतियों को हर जगह प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया जा सका। भाषा की बाधा, रोजगार के सीमित अवसर, कौशल का अभाव और सांस्कृतिक अंतर ने अनेक प्रवासियों के सामाजिक एकीकरण को कठिन बनाया। परिणामस्वरूप, कुछ क्षेत्रों में सामाजिक अलगाव, बेरोजगारी और अपराध जैसी समस्याएं बढ़ीं। इन परिस्थितियों के कारण फ्रांस, जर्मनी, स्वीडन, बेल्जियम, ब्रिटेन और इटली जैसे देशों में सुरक्षा, रोजगार, सार्वजनिक संसाधनों और सांस्कृतिक पहचान को लेकर नागरिकों की चिंताएं बढ़ी हैं। यूरोपीय देश इस समय दो प्रमुख चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। एक ओर शरणार्थियों और प्रवासियों के सामाजिक एकीकरण तथा अवसरों की समानता को लेकर बहस तेज हुई है, तो दूसरी ओर यूरोपीय युवाओं और आम नागरिकों के बीच राष्ट्रवाद तथा सांस्कृतिक पहचान के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। परिणामस्वरूप, विभिन्न विचारधाराओं के बीच टकराव बढ़ने लगा। किसी भी देश की शरणार्थी और प्रवासन नीति उसके राष्ट्रीय हितों, संवैधानिक व्यवस्था तथा अंतरराष्ट्रीय दायित्वों के अनुरूप निर्धारित होती है। यूरोप में अब यह मांग जोर पकड़ रही है कि मानवीय आधार पर शरण देने के साथ-साथ कौशल-आधारित वैध प्रवासन को भी व्यवस्थित और प्रोत्साहित किया जाए। यूरोप के अनेक देश बढ़ती आयु वाली आबादी और विभिन्न क्षेत्रों में श्रमिकों की आवश्यकता जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इसलिए प्रवासन को पूरी तरह समाप्त करना व्यावहारिक समाधान नहीं है। यूरोप का शरणार्थी संकट स्पष्ट करता है कि केवल मानवीय आधार पर शरण देना पर्याप्त नहीं है; इसके साथ सामाजिक एकीकरण, रोजगार, शिक्षा, सुरक्षा और दीर्घकालिक योजना पर भी गंभीरता से काम करना आवश्यक है। दूसरी ओर, प्रवासन को पूरी तरह समाप्त करना भी व्यावहारिक विकल्प नहीं



मानवीय करुणा तथा मानवाधिकारों की अनदेखी नहीं की जा सकती। यूरोप का भविष्य इसी संतुलन पर निर्भर करेगा कि वह अपनी सीमाओं की सुरक्षा, आर्थिक आवश्यकताओं और सांस्कृतिक पहचान के संरक्षण के साथ शरणार्थियों के एकीकरण को किस प्रकार सुनिश्चित करता है।

है, क्योंकि यूरोप के अनेक देशों को श्रमिकों और पेशेवर लोगों की आवश्यकता है। ऐसी स्थिति में उदारता को समाप्त करने के बजाय प्रवासन नीति को अधिक व्यवस्थित, चयनात्मक और जवाबदेह बनाना चाहिए। राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए मानवीय करुणा तथा मानवाधिकारों की अनदेखी नहीं की जा सकती। यूरोप का भविष्य इसी संतुलन पर निर्भर करेगा कि वह अपनी सीमाओं की सुरक्षा, आर्थिक आवश्यकताओं और सांस्कृतिक पहचान के संरक्षण के साथ शरणार्थियों के एकीकरण को किस प्रकार सुनिश्चित करता है।

बिलासपुर, रविवार 1 नवंबर 2026 | कार्तिक कृष्ण पक्ष सप्तमी | वर्ष : 26, अंक : 222 | पृष्ठ : 12+8+4 = 24 मूल्य : 5.00*** | haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



एफडीए कंट्रोलर का छापामार अभियान राजधानी के कारोबारियों में मचा हड़कंप

दिवाली के मद्देनजर खाद्य एवं औषधि प्रशासन के कंट्रोलर का छापामार अभियान जारी है। शुक्रवार को छापेमारी के बाद तीन फर्मो का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया गया। जांच के दौरान फैक्ट्री में चूहे धमाचौकड़ी करते मिले, तो मिठाई बनाने वाले दूध में कीड़े तैर रहे थे। एक फैक्ट्री में गंदगी के बीच मिठाई सहित अन्य खाद्य पदार्थों का निर्माण किया जा रहा था। विभागीय टीम ने जांच के लिए नमूने लेने के साथ इन संस्थानों से 348 किलो मिठाई सहित अन्य खाद्य सामग्री नष्ट करायी, वहीं 4782 किलो खाद्य सामग्री जब्त कर ली।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ब्रेड फैक्ट्री में चूहे, दूध में मिले कीड़े, गंदगी के बीच बन रही मिठाई, तीन फर्मों का लाइसेंस निलंबित

348 किलो की खाद्य सामग्री कराई नष्ट, 4792 किलो विभाग ने किया जब्त

खाद्य नियंत्रक दीपक अग्रवाल ने खुद मोर्चा संभाला है। इसी दौर में रायपुर के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम के साथ उन्होंने शनिवार को बिरगांव, समता कॉलोनी, रामकृष्ण हॉस्पिटल के पास और कमल विहार स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। जांच में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर खत्री स्वीट्स बिरगांव, लक्ष्मी फूड प्रोडक्ट्स (ब्रेड बास्केट) समता कॉलोनी तथा अग्रवाल मिठाई वाला के खाद्य लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए हैं। तीनों प्रतिष्ठानों को संपूर्ण स्वच्छता मानकों का पालन सुनिश्चित होने तक बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। विभिन्न प्रकार की मिठाइयों और ब्रेड सहित बड़ी मात्रा में खाद्य सामग्री को नष्ट कराने तथा जब्ती की कार्रवाई की गई। कई खाद्य पदार्थों के नमूने भी जांच के ⏭शेष पेज 6 पर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

दूध में तैर रहे थे कीड़े

बिरगांव स्थित खत्री स्वीट्स के निरीक्षण के दौरान मिठाइयों का निर्माण अत्यंत अस्वच्छ परिस्थितियों में किया जाना पाया गया। मिठाई निर्माण में उपयोग किए जा रहे दूध में कीड़े तैरते हुए पाए गए। इसके अलावा काजू एवं मिठाइयों की गुणवत्ता भी संदिग्ध पाई गई। विभागीय टीम ने यहां से काजू, बूंदी, शक्कर एवं मिल्क केक के नमूने लिए। मौके पर लगभग 80 लीटर दूध, 3 किलोग्राम केक तथा 20 किलोग्राम चमचम सहित अन्य खाद्य सामग्री नष्ट करायी गयी।





गंदगी में बन रही मिठाई

रामकृष्ण हॉस्पिटल के समीप स्थित अग्रवाल मिठाई वाला संस्थान में निर्माण स्थल का निरीक्षण करने पर फर्श पर गंदगी पाई गई। टीम ने यहां से बेसन, लड्डू एवं घी के नमूने जांच के लिए लिए। साथ ही बालूशाही 100 किलोग्राम, रसगुल्ला 25 किलोग्राम, काजू खोवा 10 किलोग्राम, दूध खोवा 5 किलोग्राम, खोवा-काजू मिक्स 25 किलोग्राम तथा चाट मसाला के 4 पैकेट सहित विभिन्न खाद्य सामग्री को नष्ट कराने की कार्रवाई की गई।



बीज निगम के जरिए गड़बड़ी का मामला

डीएमएफ घोटाले में ईडी ने अटैच की 31.70 करोड़ रुपए की संपत्ति

सतपाल सिंह छाबड़ा सहित 17 के खिलाफ पूरक चालान दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

करोड़ों रुपए के जिला खनिज न्यास निधि (डीएमएफ) घोटाला में ईडी ने विशेष अदालत में 17 लोगों के खिलाफ शुक्रवार को पूरक चालान पेश करते हुए घोटाला से जुड़ी 31.70 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति अटैच की है। संपत्ति की कुर्की कार्रवाई 29 अक्टूबर को की गई है। ईडी की जांच में सामने आया है कि खनन प्रभावित क्षेत्रों और वहां रहने वाले लोगों के कल्याण एवं विकास के लिए निर्धारित डीएमएफ की राशि का सुनियोजित तरीके से दुरुपयोग किया गया। ईडी द्वारा जारी बयान के ⏭शेष पेज 6 पर

सतपाल सिंह घोटाले की प्रमुख कड़ी

आरोपों के मुताबिक, सतपाल सिंह छाबड़ा इस पूरे नेटवर्क में प्रमुख बिचौलियों और वित्तीय समन्वयकों में से एक था। वह चुनिंदा आपूर्तिकर्ताओं को काम दिलाने, उनके पक्ष में खरीदी आदेश जारी कराने, भुगतान जारी करवाने और अवैध कमीशन की वसूली तथा वितरण में भूमिका निभाता था। ईडी ने उसे एक सितंबर 2026 को गिरफ्तार किया था। अब कुल 17 आरोपियों के खिलाफ चालान पेश किया गया है।

आशुतोष ने संभाला वायुसेना प्रमुख का पदभार

3500 घंटे की उड़ान और 20 से अधिक विमानों के माहिर पायलट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने शनिवार को भारतीय वायुसेना के



29वें प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाल लिया। दीक्षित को 20 से अधिक प्रकार के विमानों पर 3,500 घंटे से ज्यादा उड़ान भरने का अनुभव है। वह एक कुशल लड़ाकू विमान पायलट हैं। दीक्षित ने ऐसे समय में वायुसेना की कमान संभाली है, जब जटिल क्षेत्रीय सुरक्षा माहौल के बीच भारत अपनी सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। दीक्षित ने एयर चीफ मार्शल एपी सिंह का स्थान लिया।

आपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका

रणनीतिक योजना के लिए पहचाने जाने वाले और 'ऑपरेशन सिंदूर' में अहम भूमिका निभाने वाले एयर चीफ मार्शल दीक्षित इससे पहले वायुसेना के उप प्रमुख के पद पर कार्यरत थे। चार दशक के अपने करियर में एयर चीफ मार्शल दीक्षित ने कमान, स्टाफ और प्रशिक्षण से जुड़े कई पदों पर सेवाएं दी हैं। नौ दिसंबर 1966 को जन्मे एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित को छह दिसंबर 1986 को भारतीय वायुसेना की लड़ाकू विमान शाखा में शामिल किया गया था।

बीजापुर से दुर्ग जा रही बस पलटी, 5 घायल

रायपुर। बीजापुर से दुर्ग जा रही मनीष यात्री बस भैरमगढ़ के पास बांगापाल में अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 3 महिला और 2 बच्चे घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए नेलसनार अस्पताल ले जाया जा रहा है। भैरमगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी घायलों के इलाज की तैयारी की गई है। हालांकि, घायलों की संख्या की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।भैरमगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर और ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर रमेश तिग्गा ने बताया कि फिलहाल घायलों को नेलसनार अस्पताल भेजा जा रहा है। भैरमगढ़ अस्पताल में भी इलाज की पूरी व्यवस्था की गई है।





Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th Nov 2026. #Up to 10% Instant Cashback (₹2000 - ₹10000) is available on all HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank Credit Cards (Tenure 6 months to 24 months). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 30th Nov 2026. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1 , Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

Honda Exclusive Authorized Dealerships: BILASPUR: Dream Honda - 9926802408; Maosaji Honda - 7024149881; **AKALTARA:** Bhagwati Honda - 9827527016; **AMBIKAPUR:** Mahamaya Honda - 7489027000; Jaswani Honda - 8358065000; **BAIKUNTHPUR:** Pramila Honda - 7000405012; **BARADWAR:** Ganpati Honda - 7974875687; **BILHA:** Sai Honda - 9179256022: **KAWARDHA:** Pratha Honda - 7400550099; **DHARAMJAIGARH:** Harsh Honda - 9424180180; **JANJGIR CHAMPA:** Gattani Honda - 7694011206; Shubh Honda (Baloda) - 8574921111; **JASHPUR:** Deo Narayan Honda - 9425251702; **KHARSIA:** Balaji Honda - 8269515770; **KORBA:** Vishal Honda - 9479025937; **PALI:** Jai Mahamaya Honda - 7828132008; **KATHGORA:** Mahadev Honda - 7709859173; Krishna Korba Honda - 7747015377; JP Honda (Hardi Bazar) - 9826129114; Bharat Honda (Gevra Basti) - 09301001739; **KOTA:** Prakash Honda - 9826417995; **KUNKURI:** Mansharam Honda - 8103798783; **LAILUNGA:** Atul Honda - 9424188280; **LORMI:** Mansi Honda - 9685010000; **MANENDRAGARH:** Harsh Honda - 9993883343; **MASTURI:** Rahul Honda - 9098619245; **PALI:** Mahamaya Honda - 8770804342; **PAMGARH:** Gautam Honda - 8962109746; **PANDARIYA:** Shri Balaji Honda - 9577550099; **PENDRA ROAD:** Dev Honda - 9752998221; **RAHOD:** Shri Balaji Honda - 9977311242; **RAIGARH:** Sharda Honda - 8103664400; Shanti Auto Honda - 9343609280; **RAJPUR:** Maa Mahamaya Honda - 9424259688; **RAMANUJGANJ:** Vikas Honda - 9926158656; **RATANPUR:** Sunil Honda - 9893354893; **SAKTI:** Maa Durga Honda - 9685927215; **SARAIPALI:** Pukhraj Honda - 8889798000; **SARANGARH:** Shanti Honda- 9201826679; **SARSIVA:** Kanisk Honda - 9575533947; **SHEORINARAYAN:** Arav Honda - 9713022700; **SITAPUR:** Akash Honda - 9617378301; **PRATAPUR:** Shri Banbhori Honda - 8120806101; **SURAJPUR:** Maa Mahamaya Honda - 8223999666; **TAKHATPUR:** Dream Honda - 9303005917; **TAPKARA:** Jindal Honda - 9406384666; **WADRUFNAGAR:** KP Auto - 9826881578; **BILASPUR SAKRI:** Dream Honda Branch - 9516661444; **BILASPUR DAYALBANDH:** Maosaji Honda Branch - 9109690484; **GAURELLA:** Shyam Honda - 7024806222; **AHIWARA:** Kabiram Honda - 8319225193; Shree Sairam Honda (Risali) - 8823050333; **DANTEWADA:** Ansh Honda - 7000396031; **NEHRU NAGAR:** Aan Honda - 8518020999; **MUNGELI:** S. Mansi Honda - 9131402454; **BATAULI:** Ankan Honda - 9203617070: **CHOWKI:** Manraj Honda - 9424153947.

For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in

व्हाट्सएप पर फर्जी डीपी लगाकर 2.93 करोड़ की ठगी, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश से पांच गिरफ्तार

पुलिस ने 1.38 करोड़ रुपए होल्ड कराया, टिकरापारा, तेलीबांधा थाना क्षेत्र में हुई थी ठगी की घटना

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

दो व्यावसायिक संस्था से जुड़े एकाउंटेंट को कंपनी के डायरेक्टर के वाट्सएप में फर्जी डीपी प्रोफाइल लगाकर दो करोड़ 93 लाख रुपए की ठगी के दो अलग-अलग प्रकरण में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम के साथ संबंधित थानों की पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को पुलिस ने महाराष्ट्र तथा उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के अकाउंट को फ्रीज कराते हुए पुलिस ने उसमें जमा एक करोड़ 38 लाख रुपए होल्ड कराया है। जालसाजों ने टिकरापारा तथा तेलीबांधा थाना क्षेत्र में ठगी की थी।

ठगी के आरोप में पुलिस ने महाराष्ट्र, ठाणे निवासी आकाश कन्हैया लाल चुथ, साहिल रमेश नथानी, राज चंदर लाल जुमानी तथा उत्तरप्रदेश, प्रयागराज निवासी विनय श्रीवास्तव, विनोद कुमार को गिरफ्तार किया है। टिकरापारा थाना में राठी बंधु कमर्शियल प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक विजय राठी ने 21 अक्टूबर को शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात व्यक्ति ने उनके नाम एवं प्रोफाइल फोटो का दुरुपयोग कर कंपनी के एकाउंटेंट को व्हाट्सएप संदेश भेजकर बैंक खातों में राशि हस्तांतरित करने के निर्देश देकर अपने अकाउंट में 93 लाख रुपए ट्रांसफर कराया था। इसी तरह से तेलीबांधा में ट्रांसफॉर्मर एंड ट्रांसमिशन लिमिटेड कंपनी में मुख्य वित्त अधिकारी ओमकार वरु ने दो करोड़ की ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई थी।

डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में मेडिकल वेस्ट मिक्स किया, 30 हजार ई जुर्माना

रायपुर। आदर्श नगर मोवा स्थित अनुपम हास्पिटल द्वारा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में मेडिकल वेस्ट मिलाए जाने पर नगर निगम जोन 9 की टीम ने संबंधित हास्पिटल प्रबंधन पर 30 हजार रुपए ई जुर्माना किया। इसके साथ ही दोबारा ऐसी चूक नहीं करने की कड़ी चेतावनी भी दी है। नगर निगम जोन 9 के स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार को आदर्श नगर मोवा में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में मेडिकल वेस्ट मिक्स करके दिए जाने पर अनुपम हास्पिटल मल्टी स्पेशिलिटी सेंटर प्रबंधन पर 30 हजार रुपए का ई जुर्माना किया है।



शराब के नशे में धुत लड़कों ने कार को मारी टक्कर, बुजुर्ग की मौत

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

बुजुर्ग परिवार सहित भतीजी की शादी में शामिल होने के बाद नवा रायपुर से लौट रहा था

राजधानी में कानून व्यवस्था मजबूत करने के दावों के बीच शुक्रवार को शराबी लड़के एमजी रोड स्थित नाइट चौपाटी में खुलेआम बीयर पीते दिखे। लड़के वहां बीयर पीने के बाद तफरीह करने नवा रायपुर की तरफ तेज रफ्तार कार चलाते जा रहे थे। इस दौरान अग्रसेन धाम के पास नशे में धुत्त लड़कों ने एक बेलोनो कार को टक्कर मार दी। स्कोडा कार सवार लड़कों के चक्कर से अन्य कार में सवार बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। कार की टक्कर से एक महिला तथा दो बच्चों के घायल होने की बात सामने आई है। एक्सीडेंट के बाद लड़के मौके पर कार छोड़कर फरार हो गए। एक्सीडेंट में एमजी रोड में बीयर पी रहे लड़के थे या कोई अन्य, इसकी पुलिस पुष्टि करने की बात कह रही है।

एक्सीडेट में श्याम नगर निवासी नरेंद्र सिंह भसीन (60) की मौत हुई है। मृतक परिवार के साथ अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने नवा रायपुर गया था। वापसी के दौरान नशे में धुत्त कार सवार लड़कों ने मृतक की कार को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बेलोनो कार बुरी तरह डैमेज हो गई। घायल महिला और दोनों बच्चों का आंबेडकर अस्पताल में उपचार चल रहा है। स्कोडा कार में चार लड़कों के सवार होने की बात सामने आई है। टक्कर के बाद वे भी घायल हुए, लेकिन कार छोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने स्कोडा कार जब्त कर ली है और चारों युवकों की तलाश कर रही है। उनकी अभी पहचान नहीं हो पाई है। कार किसी वैभव वैष्णव के नाम से रजिस्टर्ड होने की बात सामने आई है। एमजी रोड स्थित नाइट चौपाटी में चार लड़कों के बीयर पीने का सोशल मीडिया में वीडियो वायर हो रहा है। लड़के एक पाव-भाजी स्टाल के पास कार खड़ी कर हाथों में बीयर की बोतल लेकर बीयर पीते दिख रहे हैं। एक लड़के ने शर्ट तक नहीं पहना है, वह बीच बाजार लोगों के बीच अपनी बॉडी का प्रदर्शन करते हुए केवल बनियान पहने बीयर पीते दिख रहा है। चारों लड़कों के हाथ में बीयर की बोतल है। लड़कों के बीयर पीने का मौके पर उपस्थित किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। बीयर पी रहे लड़के एक्सीडेंट में शामिल थे या नहीं, इसकी पुष्टि होना बाकी है। ड्रंक एंड ड्राइव कर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई भी कर रही है। पुलिस अब तक चार हजार के करीब ड्रंक एंड ड्राइव का केस दर्ज कर चुकी है। बावजूद इसके एमजी रोड जैसी नाइट चौपाटी जहां काफी चहल-पहल रहती है, वहां पुलिस गश्त भी करती है, ऐसे में लड़कों का खुलेआम बीयर पीने का वीडियो वायरल होने से साबित होता है कि लगातार कार्रवाई के बाद भी ऐसे लड़कों में पुलिस के प्रति किसी तरह का डर नहीं है।

अब घर बैठे डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र की सुविधा

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

पेंशनभोगियों को अब इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से घर बैठे डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनवाने की सुविधा मिलेगी। इस सुविधा के अंतर्गत कोई भी पेंशनभोगी अपने घर पर ही डाक विभाग के डाकिया या ग्रामीण डाक सेवक की सहायता से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनवा सकता है। इस सुविधा का मुख्य उद्देश्य पेंशनभोगियों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों एवं ऐसे पेंशनभोगियों को राहत देना है। डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनवाने के लिए पेंशनभोगी को 70 रुपए शुल्क का भुगतान करना होगा।

खबर संक्षेप

एफडीए की समीक्षा समयबद्धता पर जोर

रायपुर। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की समीक्षा बैठक में विभिन्न जिलों से आए औषधि अधिकारियों के विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। विभागीय कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के साथ-साथ निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति पर विशेष जोर दिया गया। ई-फाइलिंग में ब्लड सेंटर्स से संबंधित सभी लंबित आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण करने, औषधि निर्माण इकाइयों का निर्धारित मानकों के अनुरूप निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में निलंबन एवं अनुज्ञप्ति निरस्तीकरण से संबंधित प्रकरणों में नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने तथा सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से स्थल निरीक्षण कर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

भाजपा की रैली स्थगित

रायपुर। प्रदेश भाजपा संगठन ने कांग्रेस के खिलाफ प्रदेशभर में लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ" रैली आयोजित करने का फैसला किया है। राजधानी रायपुर में होने वाली रैली को स्थगित कर दिया गया है। अब यह रैली पांच नवंबर को होगी। रैली को स्थगित करने का कारण अहिवारा के भाजपा विधायक का निधन है। रायपुर में होने वाली रैली की तैयारी कर ली गई थी, लेकिन अहिवारा के विधायक के निधन की खबर आने पर प्रदेश भाजपा संगठन ने इस रैली को स्थगित करने का फैसला किया है।

सम्मानित हुए मेधावी विद्यार्थी

रायपुर। पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्याल के अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आज वार्षिक शैक्षणिक पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इसमें एमबीबीएस के विभिन्न शैक्षणिक सत्रों एवं विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल 40 मेधावी विद्यार्थियों को 65 पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर के चित्रकार ने नाम दर्ज करने की मांग की

रायपुर। छत्तीसगढ़ महतारी की आधिकारिक तस्वीर बनाने वाले चित्रकार ईश्वर साहू ने राज्य सरकार से राजपत्र में अपना नाम दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आवेदन देकर राजपत्र में आवश्यक संशोधन कर पुनः प्रकाशन का अनुरोध किया है। भनपुरी रायपुर निवासी ईश्वर साहू के अनुसार, वर्ष 2022 में राज्य सरकार ने उनके बनाए छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र को सरकारी संस्थानों और कार्यालयों में मूर्ति स्थापना तथा आधिकारिक चित्र के रूप में उपयोग के लिए अधिकृत किया था। हालांकि, उनके मुताबिक राजपत्र में चित्रकार के रूप में उनका नाम दर्ज नहीं किया गया।

रेडियो डायग्नोसिस, मेडिसिन और डर्मेटोलॉजी में सिमटे टॉप-10 के डाक्टर

डॉक्टरों को रिस्की ब्रांच से परहेज... पीजी की 50 में 36 ने चुनी नॉन सर्जिकल ब्रांच



विकास शर्मा ⏭ रायपुर

एमबीबीएस के बाद विशेषज्ञता की पढ़ाई के लिए विषयों का चयन करते समय डॉक्टरों की प्राथमिकताएं एक बार फिर चर्चा में हैं। छत्तीसगढ़ में चिकित्सा स्नातकोत्तर (पीजी) प्रवेश के पहले चरण की सीट आवंटन सूची में शुरुआती 50 अभ्यर्थियों में से केवल 14 अभ्यर्थियों को स्त्री एवं प्रसूति रोग, आर्थोपेडिक्स, जनरल सर्जरी और नेत्र रोग जैसे सर्जिकल विषय आवंटित हुए हैं। वहीं, रेडियोडायग्नोसिस, मेडिसिन और डर्मेटोलॉजी जैसे विषय भी अच्छे रैंक वाले अभ्यर्थियों की पसंद बनी हुई हैं। विशेषज्ञ बता रहे हैं कि सर्जिकल विषयों में मरीजों की जिम्मेदारी, लंबे समय तक चलने वाली सर्जरी, आपातकालीन ड्यूटी और काम के दबाव जैसी चुनौतियां रहती हैं। साथ ही मरीज की मौत होने की आशंका बनी रहती है। उसके बाद लगातार डॉक्टरों के खिलाफ हो रही हिंसा की घटनाओं का असर भी इस पर दिख रहा है।

आवंटन सूची के आधार पर दस्तावेजों की स्क्रूटनी और प्रवेश की तारीख तय की गई है। दिवाली होने की वजह से यह प्रक्रिया दो चरणों में पूरी की जाएगी। पहले चरण में 2 से 6 नवंबर तक स्क्रूटनी और एडमिशन होगा इसके बाद दूसरा चरण 10 और 11 नवंबर को पूरा किया जाएगा। नियम के मुताबिक काउंसिलिंग के दौरान किसी भी अभ्यर्थी को एक ही विषय और एक ही संस्था का आवंटन दोबारा नहीं किया जाएगा। वैसे तो तीन निजी और सात प्राइवेट मेडिकल कालेजों में विभिन्न विषयों में एमडी-एमएस की कुल 642 सीट है। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों की पचास प्रतिशत सीट ऑल इंडिया कोटे की होती है।

टॉप-50 में 14 को सर्जिकल विषय

पहले 50 अभ्यर्थियों के विषय आवंटन के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, छह अभ्यर्थियों को स्त्री एवं प्रसूति रोग (ओबीजीवाईएन), तीन को आर्थोपेडिक्स, तीन को जनरल सर्जरी और दो को नेत्र रोग (ऑप्थैल्मोलॉजी) आवंटित हुए हैं। इस तरह इन चार विषयों में कुल 14 अभ्यर्थियों को सीट मिली है। शेष 36 अभ्यर्थियों को अन्य विषय आवंटित हुए हैं। शनिवार को पहले राउंड में एडमिशन के लिए 874 अभ्यर्थियों की आवंटन लिस्ट जारी कर दी गयी है। चिकित्सा के क्षेत्र में एमबीबीएस के बाद विषय विशेषज्ञ बनने के लिए एमडी-एमएस की पढ़ाई के दौरान डाक्टर सर्जिकल के बजाए नॉन सर्जिकल ब्रांच की तरफ ज्यादा आकर्षित हो रहे हैं। पिछले तीन-चार सालों से डाक्टर आपातकालीन सेवा वाले यानी आर्थोपेडिक, गायनी, जनरल सर्जरी जैसे विभाग का चुनाव करने से बचना चाहते हैं। चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े डाक्टरों का तर्क है कि यह विभाग इमरजेंसी सेवा से जुड़ा हुआ है इसलिए काम के दबाव के साथ रिस्क ज्यादा होता है, जबकि एमडी यानी नॉन सर्जिकल ब्रांच में इमरजेंसी की संभावना कम होती है, इसलिए दबाव के साथ रिस्क भी कम होता है। इस बार भी एमडी-एमएस प्रवेश की आवंटन सूची में इसका असर दिखाई पड़ा है। शुक्रवार को जारी पहले आवंटन सूची में टॉप के पचास अभ्यर्थियों में सर्जिकल ब्रांच में 11, 15, 19, 23, 26 और 46 वें अभ्यर्थी को स्त्री एवं प्रसूति रोग, 22 एवं 47, 48 वें अभ्यर्थी को आर्थोपेडिक, 35, 43, 45 को सर्जरी तथा 29 और 40 वें अभ्यर्थी को नेत्र रोग विभाग आवंटित किया गया है।

छत्तीसगढ़ के 15 पुलिस अधिकारी-जवानों को मिलेगा केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक

हरिभूमि न्यूज: रायपुर

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने वर्ष 2026 के केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक की घोषणा कर दी है। छत्तीसगढ़ समेत तमाम प्रदेशों की पुलिस, सीबीआई, सीआरपीएफ, असम राइफल्स, एनआईए, एनसीबी, सीबीआईसी में पदस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों को 'केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक' से सम्मानित किया है। स्पेशल ऑपरेशन, इंवेस्टिगेशन और फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा के लिए छत्तीसगढ़ के 15 पुलिस अधिकारियों-जवानों को पदक से सम्मानित किया जाएगा।

- स्पेशल ऑपरेशन में उत्कृष्ट कार्य के लिए हुआ चयन, गृह मंत्रालय ने जारी की सूची

गृह मंत्रालय की ओर से 31 अक्टूबर 2026 को जारी आदेश के अनुसार, चयनितों में एसपी रॉबिन्सन गुरिया, एडिशनल एसपी अक्षय प्रमोद साबद्रा, अजय कुमार और सुशील कुमार नायक सहित विभिन्न रैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हैं। केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक विशेष ऑपरेशन, अनुसंधान और फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिया जाता है। छत्तीसगढ़ के 15 पुलिसकर्मियों का चयन प्रदेश पुलिस के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

ये पुलिसकर्मी भी हुए चयनित

आशीष कुमार नेताम-डिप्टी एसपी, महेंद्र पोताई- सब इंस्पेक्टर, हेड कांस्टेबल पुरुषोत्तम कुपाल, रामकुमार दर्रो, कांस्टेबल भुनेश्वर मरकाम, जैनू राम दुग्गा, सोमरू राम वड्डे, लक्ष्मण राम कोर्राम बीएफ कांस्टेबल राजेश सलाम, लिखेश्वरी नाग, चमन लाल शामिल हैं।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनामिका जैन की विभागीय जॉच पर रोक

आपराधिक मामला एवं विभागीय जांच एक साथ नही चल सकते- हाईकोर्ट

बिलासपुर। हाईकोर्ट ने कहा है कि आपराधिक मामला और विभागीय जांच एक साथ नहीं चल सकते। इसके साथ ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनामिका जैन की विभागीय जॉच पर स्थगन (स्टे) दे दिया गया है।

नवा रायपुर निवासी अनामिका जैन पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) रायपुर में पुलिस विभाग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एडीशनल एसपी) के पद पर पदस्थ है। वर्ष 2020 में उनकी जिला दुर्ग में पदस्थापना के दौरान भिलाई निवासी के. व्ही. अरूण की शिकायत पर अनामिका जैन के विरूद्ध पुलिस थाना पुरानी भिलाई में एक अपराध



पंजीबद्ध किया गया था। उक्त मामले में चालान प्रस्तुत किए जाने पर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, गृह विभाग द्वारा एडीशनल एसपी अनामिका जैन के विरूद्ध आरोप पत्र जारी कर विभागीय जाँच कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई। इसके खिलाफ अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय एवं ऋषभदेव साहू के माध्यम से रिट याचिका दायर की गई। याचिका में कहा गया कि यदि किसी शासकीय अधिकारी के विरूद्ध आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया जाता है एवं न्यायालय के समक्ष आपराधिक प्रकरण विचाराधीन है ऐसी स्थिति में उक्त शासकीय अधिकारी के विरूद्ध उनके संबंधित विभाग द्वारा समान आरोपों पर विभागीय जांच कार्यवाही संचालित कर दंडित नही किया जा सकता है। इसके साथ ही यदि आपराधिक मामले एवं विभागीय जाँच कार्यवाही में अभियोजन साक्षी समान है तो पहले उक्त अभियोजन साक्षियो का कथन आपराधिक मामले में लिया जाना अनिवार्य है तब तक विभागीय जॉच कार्यवाही स्थगित रखी जानी चाहिए।

दिल के समीप कैंसर की गांठ, दो विभागों ने चार घंटे ज्वाइंट ऑपरेशन कर बाहर निकाला

निजी हास्पिटल से निराश होकर इलाज के लिए पहुंचा था आंबेडकर अस्पताल

हृदय के साथ फेफड़े को भी कर रहा था प्रभावित, ठीक होने के बाद मिली छुट्टी

हरिभूमि न्यूज: रायपुर

साठ साल के मरीज के दिल और फेफड़े के समीप कैंसर की गांठ थी। आंबेडकर अस्पताल के कैंसर सर्जरी एवं सीटीवीएस विभाग के डाक्टरों ने चार घंटे तक ज्वाइंट ऑपरेशन कर इसे बाहर निकाला। मरीज निजी अस्पताल से इलाज होने के बाद निराश होकर आंबेडकर अस्पताल पहुंचा था। ऑपरेशन के बाद मरीज को लंबे समय तक नियमित फॉलोअप में रखने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।



कैंसर सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. आशुतोष गुप्ता ने बताया कि हमने केस की जटिलता और मरीज की उम्र को देखते हुए लम्बे समय तक मरीज को नियमित फॉलोअप में रखा। उसके बाद आज दिनांक तक मरीज पूरी तरह ठीक है और अपना जीवन सामान्य लोगों की तरह जी रहा है। रायपुर में रहने वाला 60 वर्षीय मरीज छाती में दर्द और भारीपन की शिकायत के साथ ओपीडी में पहुंचा था। इससे पहले मरीज एक निजी अस्पताल में बायोप्सी करवा चुका था, जिसमें इनवेसिव थाइमोमा की पुष्टि हुई थी। आंबेडकर अस्पताल आने से पहले वह कीमोथेरेपी और रेडिएशन थेरेपी भी करवा चुका था। मरीज की स्थिति का विस्तृत आकलन करने के लिए छाती का कॉन्ट्रास्ट सीटी स्कैन कराया गया। जांच में छाती के अगले हिस्से यानी एंटीरियर मीडियास्टिनम में गांठ पाई गई, जो महाधमनी और पल्मोनरी आर्टरी जैसी हृदय से जुड़ी प्रमुख रक्त वाहिकाओं के निकट स्थित थी और उनसे चिपकी हुई थी। गांठ की स्थिति और हृदय की प्रमुख रक्त वाहिकाओं से उसके गहरे जुड़ाव को देखते हुए हार्ट, चेस्ट एंड वैस्कुलर सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. केके साहू से परामर्श लिया गया। इसके बाद दोनों विभागों की टीम ने संयुक्त रूप से ऑपरेशन करने का निर्णय लिया।

छाती चीरकर पहुंचे गांठ तक

सर्जरी के दौरान छाती के मध्य भाग में चीरा लगाकर मीडियन स्टर्नोटॉमी तकनीक से गांठ तक पहुंच बनाई गई। गांठ को हृदय की झिल्ली के एक हिस्से और बाएं फेफड़े के कुछ हिस्से के साथ सफलतापूर्वक निकाल दिया गया। लगभग चार घंटे चले इस ऑपरेशन के दौरान मरीज को दो यूनिट रक्त चढ़ाया गया। सर्जरी के दौरान कोई बड़ी समस्या नहीं आई और ऑपरेशन निर्धारित योजना के अनुसार सफलतापूर्वक पूरा हुआ।

इनकी रही भूमिका

इस जटिल सर्जरी में कैंसर सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. आशुतोष गुप्ता एवं हार्ट, चेस्ट एंड वैस्कुलर सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. केके साहू के नेतृत्व में डॉ. किशन सोनी, डॉ. गुंजन अग्रवाल, डॉ. सोनम, डॉ. समृद्ध, डॉ. लावण्या, डॉ. आशीष मालव, डॉ. गौरव और डॉ. अक्षय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऑपरेशन के दौरान निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. संकल्प भी टीम में शामिल रहे।

उन्नत चिकित्सा का प्रयास

मरीजों को बेहतर और उन्नत चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस जटिल ऑपरेशन में कैंसर सर्जरी एवं हार्ट, चेस्ट एंड वैस्कुलर सर्जरी विभाग के चिकित्सकों ने टीम वर्क, समन्वय, विशेषज्ञता और संवेदनशीलता से मरीज के जीवन को बचाया है।

एजेंसी की मनमानी के आगे अफसर बेबस, एक्सटेंशन के बाद भी स्काईवॉक का कार्य इतना धीमा कि सालभर और लगेगा

- डॉ. संतोष सोनकर, चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल\

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में कर्मचारी संघों के लिए शासन का निर्देश

गैर-मान्यताप्राप्त कर्मचारी संगठन शासन से नहीं कर सकेंगे कोई मांग, चिट्ठी लिखी तो माना जाएगा अनुशासनहीनता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों के ऐसे कर्मचारी संघ और संगठन, जिन्हें राज्य शासन से औपचारिक मान्यता नहीं मिली है, अब सीधे शासन को अपनी मांगों और सेवा संबंधी मामलों में पत्र नहीं भेज सकेंगे। शासन ने स्पष्ट किया है कि गैर-मान्यता प्राप्त संगठनों की ओर से सीधे भेजे जाने वाले पत्रों और अभ्यावेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। भविष्य में ऐसे संगठन के नाम से शासन स्तर पर पत्राचार किए जाने पर संबंधित पदाधिकारियों और संलग्न कर्मचारियों के खिलाफ सिविल सेवा आचरण नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की



जाएगी। नगरीय शासन एवं विकास विभाग ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। यह निर्देश नगर निगमों, नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों के अधिकारियों-कर्मचारियों के संघों पर लागू होगा। विभाग ने अपने निर्देश में कहा है कि यह देखने में आया है कि कई ऐसे अधिकारी-कर्मचारी संघ, जिन्हें राज्य शासन से विधिवत मान्यता नहीं मिली है, वे विभिन्न मांगों और सेवा संबंधी मामलों को लेकर सीधे शासन स्तर पर लगातार पत्राचार कर रहे हैं।

केवल मान्यता प्राप्त संघों के पत्रों पर विचार

शासन ने स्पष्ट किया है कि केवल अधिकृत और विधिवत मान्यता प्राप्त कर्मचारी संघों के अभ्यावेदन और पत्रों पर ही विचार किया जाएगा। बिना मान्यता प्राप्त किसी भी संघ की ओर से सीधे किए जाने वाले पत्राचार को संज्ञान में नहीं लिया जाएगा। विभाग ने इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा है। निर्देश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि किसी अधिकारी या कर्मचारी की व्यक्तिगत सेवा संबंधी समस्या या मांग होने पर उसे अपने निकाय प्रमुख के माध्यम से उचित प्रक्रिया के तहत अभ्यावेदन प्रस्तुत करना होगा।

पत्राचार जारी रखने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई

विभाग ने चेतावनी दी है कि भविष्य में यदि किसी गैर-मान्यताप्राप्त संघ के नाम से शासन स्तर पर पत्राचार किया जाता है, तो संबंधित पदाधिकारियों और संलग्न कर्मचारियों के विरुद्ध सिविल सेवा आचरण नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। शासन ने इस तरह के पत्राचार को अनुशासनहीनता और अनधिकृत कृत्य की श्रेणी में रखा है। यह निर्देश नगरीय निकायों के कर्मचारी संगठनों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे शासन के समक्ष सामूहिक मांगें रखने के लिए मान्यता प्राप्त संघ की भूमिका स्पष्ट होती है। हालांकि, आदेश में कर्मचारी की व्यक्तिगत सेवा संबंधी समस्या के लिए निकाय प्रमुख के माध्यम से आवेदन देने का रास्ता बताया गया है।

Hero

हीरो संग
त्योहार है
हर कहीं...

Herotsav
1 से 4 नवम्बर 2026

हर दिन एक हीरो टू-व्हीलर
जीतने का मौका पाएं.





सोने का सिक्का और बहुत कुछ जीतने का मौका पाएं.*



Splendor+ XTEC

Destini

कैश डिस्काउंट
₹3 000~ तक

फाइनेंस
100%^ तक

एक्सचेंज बोनस
₹5 000^ तक

इंस्टेंट डिस्काउंट
₹10 000$ तक
SBI card HDFC BANK pine labs

कॉर्पोरेट ऑफर्स
₹3 200* तक

For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD

5 YEAR WARRANTY *Conditions apply
Hero GoodLife
Also Available on: Flipkart amazon.in
Finance Powered by: Hero FINCORP SHRIRAM Finance

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts.Cash discount & Corporate offer are exclusive and can't be availed together. ^Finance/Card offer are at the sole discretion of the financier/bank, subject to their respective T&Cs, 100% finance applicable on Ex-showroom price, Offer available only on limited stores. $Offer is only for New Goodlife members, Limited period offer, T&C apply.

TOLL FREE
1800 266 0018

अधिकृत डीलरः बिलासपुरः सत्या हीरो 9289922464, गैलेक्सी हीरो, 9289922706, अंबिकापुरः आनंद हीरो, 9289922359, सरगुजा हीरो, 9289923110, कोरबाः शांति हीरो, 9289922813, छत्तीसगढ़ हीरो, 9289923057, रायगढ़ः गोयल हीरो, 9289922373, आदित्य हीरो, 9289923091, जांजगीरः आनंद हीरो, 9289922772, बैकुंठपुरः आर.के. हीरो, 9289922812, जशपुरः आकाश हीरो, 9289922909, एसोशिएट डीलरः खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी, 7000103415, चौराः ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सरियाः अग्रवाल ऑटो सेण्टर, 9993121909, गौरेलाः श्री माँ नर्मदा मोटर्स, 7587796622/7587796611, सनावलः सोनी ऑटोमोबाइल्स, 9479235816, रतनपुरः माँ महामाया मोटर्स, 9754240437/8839972027, बलोदाः श्री कमला ऑटो, 9926515216, मरवाहीः राहुल ऑटोमोबाइल्स, 8889467369/8719087320, मुगेलीः महावीर, 9993855199, मनेन्द्रगढ़ः विवेक ट्रेडर्स, 6261178785, कटघोराः श्री शारदा एंटरप्राइज, 9809809925, शिवरीनारायणः सुल्तानिया ऑटो केयर, 9407600319, सक्तीः गोयल ऑटो, 9303571001/7000490324, खरसियाः विजय ऑटो एजेंसी, 9993093829, सीतापुरः श्रीराम हीरो, 7000043001, पत्थलगांवः ज्योति ऑटो, 9406399000, सारंगढ़ः गोपाल ऑटो सेंटर, 9827893203, सूरजपुरः आशा ऑटोमोबाईल्स, 9826440096, अकलतराः श्री ऑटो, 9424174274, कोटाः उर्मिला मोटर्स, 9340252857, श्री पुष्कर मोटर्स, 6268000180/8718888789, रामानुजगंजः प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 8827674000, बाराद्वारः दुर्गा ऑटो एजेंसी, 8319982160, उदयपुरः बंसत ऑटोमोबाईल्स, 9406022927, तपकराः प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 7354334545/7999851514, प्रतापपुरः तायल ऑटोमोबाईल्स, 9617218005, पटनाः आयुश ऑटोमोबाईल्स, 8839141926, पालीः आनंद ऑटोमोबाईल्स, 7089519999, राजपुरः महामाया एजेंसी, 9516209272/9340726288, मदनपुरः ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सीपतः मेसर्स गणेश मोटर्स, 9993194005, महापालीः साहू ऑटोमोबाईल्स, 7746028455, लखनपुर : पीएन ऑटोमोबाइल्स, 8839193005, बटौली : इक्छा ऑटोमोबाइल्स, 8770232677, कुसमीः बोल्बम ऑटो, 8120191597, विश्रामपुरः खुशी ऑटोमोबाइल, 9826775718, झरगांवः ऐबानी मोटर्स, 7849000000, रामानुजनगर : जयसवाल ऑटो , 9926015773, बलंगीः नमो ऑटोमोबाइल्स, 9977876863, भेयाथानः आनंद ऑटोमोबाइल्स, 9977221111, प्रेमनगरः मानस ऑटोमोबाइल्स, 9131301594, लोरमीः महेश मोटर्स, 7974700929, खैरागढ़: पुष्पक बिक्री, 9425554343, भानपुरीः अपराशा ऑटोमोबाइल्स, 9981009491, ऐडिशनल वर्कशॉपः अम्बिकापुरः आनंद ऑटोमोबाईल्स, देवीगंज, 7771008601/9289922359, जेन्युइन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः ओरियन ऑटोव्हील्स, 07752-252088, अधिकृत सिटी वर्कस्: उरगाः बालाजी सर्विस स्टेशन, 279600, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः बिलासपुर (सकरी): सत्या सर्विसेज़, 9111107951, गैलेक्सी हीरो (जगमल चौक) 8085152612, चम्पाः आनंद हीरो, 7909901444, कोरबाः शांति हीरो, 7440299000, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) बिलासपुरः सत्या हीरो, 9289922464, खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी, 7000103415.

खतरे में अब्दुल्ला की कुर्सी? 24 विधायकों ने कर दी बगावत

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) में मंत्रिमंडल विस्तार के बाद असंतोष के संकेत मिले हैं। पार्टी के 24 विधायक मुख्यमंत्री के खिलाफ एकजुट हो गए हैं। विधायकों ने मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर सोगामी और 27 अक्टूबर को कैबिनेट विस्तार में बने 4 नए मंत्रियों को हटाने की मांग की। इसके साथ वे मंत्रिमंडल में बड़े बदलाव की मांग कर रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) में मंत्रिमंडल विस्तार के बाद असंतोष के संकेत मिले हैं। पार्टी के 24 विधायक मुख्यमंत्री के खिलाफ एकजुट हो गए हैं। 18 विधायकों ने शुक्रवार को श्रीनगर में लोलाब विधायक कैसर जमशेद लोन के घर बैठक की, जबकि 6 विधायक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए। विधायकों ने मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर सोगामी और 27 अक्टूबर को कैबिनेट विस्तार में बने 4 नए मंत्रियों को हटाने की मांग की। इसके साथ वे मंत्रिमंडल में बड़े बदलाव की मांग कर रहे हैं। सोगामी पर पार्टी नेतृत्व को गुमराह करने और संगठन के कामकाज में हस्तक्षेप करने का आरोप है।



यह है बागी विधायकों की मांगें

नेशन कॉन्फ्रेंस के सभी 24 बागी विधायक मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के सलाहकार नासिर असलम वानी को हटाने की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा, उपमुख्यमंत्री सुरेंद्र चौधरी को हटाया जाए, जिन मंत्रियों ने अपने पद पर दो साल पूरे कर लिए हैं उन्हें हटाया जाए और मंत्रिपरिषद का पूरी तरह से पुनर्गठन किया जाए। विधायकों के साथ-साथ नेशनल कॉन्फ्रेंस के श्रीनगर से सांसद आगा रुहुल्लाह ने भी घोषणा की है कि वे अपनी संसदीय सीट और पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे देंगे। अब्दुल्ला के साथ रुहुल्लाह के संबंध लंबे समय से तनावपूर्ण रहे हैं। अब उन्होंने पार्टी से अलग होकर अपना अलग रास्ता चुनने का फैसला किया है।

एनसी के हैं 41 विधायक

आपको बता दें कि 90 विधायकों वाली विधानसभा में नेशनल कॉन्फ्रेंस के 41 विधायक हैं। उमर अब्दुल्ला को कांग्रेस के छह विधायकों का समर्थन है। वहीं, कुछ छोटी पार्टियों और निर्दलीय विधायकों ने भी सरकार बनाने में साथ दिया है। ऐसे में अगर 24 विधायकों का बगावत शांत नहीं हुआ तो उमर अब्दुल्ला की सरकार खतरे में आ सकती है। विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव की मांग तक कर सकता है।

नेतृत्व को गुमराह करने और संगठन के कामकाज में हस्तक्षेप का आरोप



छुपाकर रखे 21 लाख रुपए निकालने पहुंचे तीन सरेंडर नक्सली गिरफ्तार



मैनपुर गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र के कुल्हाड़ीघाट के राजाडेरा जंगल में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 21 लाख रुपए के डंप को निकालने पहुंचे दो महिला आत्मसमर्पित नक्सलियों और उनके एक स्थानीय सहयोगी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

खास बात यह है कि यह वही कुल्हाड़ीघाट और राजाडेरा का इलाका है, जहां कभी खूंखार नक्सली नेताओं का साम्राज्य हुआ करता था और पुलिस के सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में दुर्दांत नक्सली लीडर जयराम उर्फ चलपति को ढेर किया था। मैनपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध लोग कुल्हाड़ीघाट राजाडेरा जंगल में जमीन के नीचे दबाकर रखे गए नक्सलियों के गुप्त फंड को निकालने पहुंचे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए इलाके की चारों तरफ से नाकेबंदी और घेराबंदी की। इसी दौरान जंगल से एक भारी बैग लेकर लौट रहे तीन संदिग्ध पुलिस को देखकर छिपने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम ने तुरंत मुस्तैदी दिखाते हुए तीनों को दबोच लिया।

ठेकेदारों और आम लोगों से की गई थी अवैध वसूली

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि बरामद 21 लाख रुपए नक्सलियों द्वारा ठेकेदारों और आम लोगों को डरा-धमकाकर अवैध वसूली के जरिए जुटाए गए थे। 2024 में खूंखार नक्सली कमांडर चलपति ने इस बड़ी रकम को राजाडेरा जंगल में पहाड़ी के पास जमीन के अंदर छिपाकर रखा था।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान

पुलिस गिरफ्त में आए आरोपियों में चलपति की गार्ड रही सिंगे उर्फ रोशनी (25 वर्ष) निवासी गामगुलावर, जिला सुकमा। एटेगट्टा, जिला सुकमा की बुधरी मुचाकी उर्फ बुदरी उर्फ सोनी (35 वर्ष) सीनापाली दलम की पूर्व कमांडर और स्थानीय सहयोगी नोहर मरकाम (36 वर्ष) निवासी भुतबेड़ा, थाना मैनपुर, जिला गरियाबंद के रूप में पहचान हुई है।

गंभीर धाराओं में मामला दर्ज

पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 308(2), 61(2) और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की धारा 17, 18, 20, 38 और 40 के तहत मामला दर्ज किया है।

वोटर लिस्ट में गड़बड़ी, कंप्यूटर असिस्टेंट्स का ईसीआईनेट एक्सेस किया गया खत्म

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर के ऑफिस ने सभी जिला चुनाव अधिकारी को राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में तैनात 806 कंप्यूटर असिस्टेंट की ईसीआईनेट लॉगिन आईडी तुरंत डीएक्टिवेट करने का निर्देश दिया है। इस कदम का मकसद वोटर रोल के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के बाद पीलीभीत और आजमगढ़ जैसे जिलों में पोर्टल पर लॉगिन क्रेडेंशियल के गलत इस्तेमाल की शिकायतों के बाद वोटर रोल मैनेजमेंट में सिक्योरिटी और अकाउंटेबिलिटी को टाइट करना है।

इस फैसले का कारण बताते हुए एक चुनाव अधिकारी ने एक अखबार को बताया कि चुनाव आयोग ने शुरू में कंप्यूटर असिस्टेंट को पोर्टल का एक्सेस दिया था क्योंकि कई बूथ-लेवल ऑफिसर (बीएलओ) बीएलओ ऐप पर काम करने के लिए ठीक से ट्रेंड नहीं थे।

वापस लिया जा रहा है एक्सेस

हर विधानसभा सीट पर दो कंप्यूटर असिस्टेंट हैं, जो कि इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर ईआरओ) के ऑफिस में वोटर रजिस्ट्रेशन सेंटर पर ऑपरेटर के तौर पर काम करते हैं। ईसीआईनेट पोर्टल पर उनका एक्सेस अब वापस लिया जा रहा है ताकि यह पक्का किया जा सके कि वोटर से जुड़ी एंट्री सीधे तौर पर उनके लिए जिम्मेदार अधिकारी ही करें।

यूट्यूबर ध्रुव राठी के खिलाफ फिर वारंट जारी

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को यूट्यूबर ध्रुव राठी के खिलाफ फिर से वारंट जारी किया। यह मामला साल 2018 में दर्ज मानहानि की शिकायत से जुड़ा है। राठी पर अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो अपलोड कर विकास पांडे नाम के व्यक्ति की छवि खराब करने का आरोप है। न्यायिक मजिस्ट्रेट राहुल जैन ने यह वारंट जारी किया है। इससे पहले 17 अक्टूबर को भी अदालत ने राठी के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था। उस समय नोटिस देने पहुंचे प्रोसेस सर्वर ने बताया था कि राठी का घर बंद मिला।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)
मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)
दर्री जोन

फा.क्र./394398/निर्माण (दर्री जोन) / 2026-27/ कोरबा, दिनांक 28.10.2026

निविदा आमंत्रण की सूचना

लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुवल निविदा वेबसाईड से डाउनलोड कर मुहरबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि - दिनांक 19.11.2026 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि - दिनांक 19.11.2026 सायंकाल 4:30 बजे तक

क्र	कार्य का नाम	प्राक्कलन राशि में	धरोहर राशि रू में
1.	वार्ड क्र. 48 जय भगवान गली में सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य। (प्रमारी मंत्री मद 2026-27, प्रथम निविदा)	7,00,000/-	5,300/-

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्त, धरोहर निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है. साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट Website: www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग.

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.)

-:: विज्ञापन ::-

छत्तीसगढ़ शासन, गृह (पुलिस) विभाग की अधिसूचना क्रमांक ESTB-1/762/2025-HOME SECTION DTD. 31-08-26 द्वारा अधिसूचित ''छत्तीसगढ़ पुलिस विशेष कार्यपालिक बल (बस्तर फाईटर्स), फाईटर आरक्षक सेवा भर्ती (भर्ती तथा सेवा की शर्ते) नियम 2026'' के अंतर्गत जिला बस्तर के स्थानीय निवासी पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

उपरोक्तानुसार इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन पत्र कार्यालयीन दिवस व समय पर जमा कर सकते हैं।

आवेदन पत्र जमा करने की प्रारंभिक तिथि - दिनांक 02.11.2026
आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि - दिनांक 12.12.2026 के सायं 05.00 बजे तक

रिक्त पदों की संख्या निर्धारण :-

राज्य शासन एवं पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर द्वारा समय-समय पर जारी किये जाने वाले निर्देशों के तहत सम्मिलित पदों की संख्या एवं वेतनमान में, समय-समय पर स्थाई या अस्थाई तौर पर वृद्धि या कमी की जा सकेगी।

जिले का नाम	रिक्त पदों की संख्या (जाति वर्गवार)				योग	जहां आवेदन पत्र जमा होगा
	अनारक्षित	अपिव	अजा	अजजा	79	01. रक्षित केन्द्र, जगदलपुर जिला बस्तर 02. कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) केशलूर (परपा) 03. कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लोहण्डीगुड़ा 04. कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) भानपुरी पंजीकृत भारतीय डाक द्वारा कार्यालय पुलिस अधीक्षक जगदलपुर जिला बस्तर, पिन.नं. 494001 को प्रेषित किये जायेंगे
बस्तर, जगदलपुर	16	11	02	50		

(भर्ती प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण), 1994 के प्रावधान तथा सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश पूर्णत लागू होंगे।)

आवेदन पत्र का विहित प्रारूप, शारीरिक मापदण्ड, शारीरिक योग्यता परीक्षा, लिखित परीक्षा एवं अन्य जानकारी जिला बस्तर के समस्त थाना/चौकी/पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कार्यालयों एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

सम्पूर्ण भर्ती नियम एवं अन्य विवरण छत्तीसगढ़ पुलिस एवं बस्तर पुलिस की ऑफिशियल वेवसाईट https://egpolice.gov.in एवं https://bastar.cgpolice.gov.in पर उपलब्ध है।

जी. 262704324/3

पुलिस अधीक्षक
बस्तर, जगदलपुर



बाजार की गिरावट में भी टिके कॉन्ट्रा फंड लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न संभव

कॉन्ट्रा फंड इक्विटी म्यूचुअल फंड की ऐसी श्रेणी हैं, जिनमें फंड मैनेजर बाजार की प्रचलित धारणा से अलग जाकर निवेश के अवसर तलाशते हैं। जब किसी कंपनी, उद्योग या शेयर को लेकर बाजार में निराशा होती है और उसका मूल्य कारोबारी संभावनाओं की तुलना में कम दिखाई देता है, तब ऐसे फंड उसमें निवेश पर विचार करते हैं। हर गिरते शेयर में पैसा लगा दिया जाए। कंपनी की वित्तीय स्थिति, कारोबार की गुणवत्ता, भविष्य में कमाई की संभावना और शेयर के मूल्यांकन का विश्लेषण जरूरी होता है। इस रणनीति के पीछे मान्यता है कि बाजार में किसी कंपनी के प्रति बनी नकारात्मक धारणा हमेशा कायम नहीं रहती।



तीन साल से ज्यादा का निवेश क्षितिज होने पर उभरता है फायदा

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

शेयर बाजार में गिरावट के दौर में निवेशकों की चिंता बढ़ना स्वाभाविक है। ज्यादातर निवेशक ऐसे समय में सुरक्षित विकल्प तलाशने लगते हैं, लेकिन अनुभवी निवेशक बाजार की कमजोरी में भविष्य के अवसर भी खोजते हैं। म्यूचुअल फंड की कॉन्ट्रा श्रेणी इसी सोच पर काम करती है। ये फंड उन कंपनियों के शेयरों में निवेश करने की कोशिश करते हैं, जिन्हें फिलहाल बाजार में पर्याप्त महत्व नहीं मिल रहा है, लेकिन जिनकी कारोबारी संभावनाएं लंबी अवधि में बेहतर हो सकती हैं। हालिया प्रदर्शन के आंकड़े संकेत देते हैं कि बाजार की मौजूदा कमजोरी के बीच कॉन्ट्रा फंड ने कुछ मजबूती दिखाई है। हालांकि, इस रणनीति का लाभ तुरंत मिलने की गारंटी नहीं है। इसमें निवेशकों को लंबा नजरिया और उतार-चढ़ाव सहने की क्षमता रखनी पड़ती है।

क्या होते हैं कॉन्ट्रा फंड?

कॉन्ट्रा फंड इक्विटी म्यूचुअल फंड की ऐसी श्रेणी हैं, जिनमें फंड मैनेजर बाजार की प्रचलित धारणा से अलग जाकर निवेश के अवसर तलाशते हैं। जब किसी कंपनी, उद्योग या शेयर को लेकर बाजार में निराशा होती है और उसका मूल्य कारोबारी संभावनाओं की तुलना में कम दिखाई देता है, तब ऐसे फंड उसमें निवेश पर विचार करते हैं। इसका मतलब यह नहीं कि हर गिरते शेयर में पैसा लगा दिया जाए। कंपनी की वित्तीय स्थिति, कारोबार की गुणवत्ता, भविष्य में कमाई की संभावना व शेयर के मूल्यांकन का विश्लेषण जरूरी होता है। इस रणनीति के पीछे मान्यता है कि बाजार में किसी कंपनी के प्रति बनी नकारात्मक धारणा हमेशा कायम नहीं रहती। यदि कंपनी का कारोबार सुधरता है और निवेशकों का भरोसा लौटता है, तो उसके शेयर की कीमत में सुधार हो सकता है। इसे बाजार में मूल्य के सामान्य स्तर पर लौटने की प्रक्रिया के रूप में समझा जा सकता है।

पांच साल में मिल सकता है बेहतर प्रदर्शन; धैर्य की परीक्षा भी

निवेश से पहले इन बातों का रखें ध्यान

- **अवधि:** कम से कम तीन से पांच साल का नजरिया रखें। यह अवधि भी लाभ की गारंटी नहीं है।
- **जोखिम :** बाजार में लंबी गिरावट और कमजोर प्रदर्शन सहने की तैयारी होनी - चाहिए।
- **विविधीकरण:** पूरी रकम एक ही श्रेणी में लगाने से बचें।
- **तुलना का तरीका:** फंड के प्रदर्शन की तुलना उसके समकक्ष फंडों और उपयुक्त मानक सूचकांक से करें।
- **समीक्षा:** हर तिमाही के प्रतिफल से घबराकर फैसला न लें, लेकिन फंड की रणनीति और निवेश की गुणवत्ता पर नजर बनाए रखें।

हालांकि, यदि कंपनी की मुश्किलें स्थायी हैं, तो कम कीमत पर खरीदा गया शेयर भी नुकसान दे सकता है।

तीन साल में दिखने लगता है रणनीति का असर :



फाइनेंशियल एक्सप्रेस की 24 अक्टूबर 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, तीन साल के आधार पर कॉन्ट्रा फंड श्रेणी का औसत वार्षिक चक्रवृद्धि प्रतिफल लगभग 12 प्रतिशत रहा, जबकि मध्य प्रतिफल करीब 13.2 प्रतिशत बताया गया। इसके मुकाबले लार्ज-कैप फंड श्रेणी का औसत प्रतिफल लगभग 9.3 प्रतिशत रहा। ये आंकड़े संबंधित अवधि में कॉन्ट्रा फंड के बेहतर प्रदर्शन की ओर संकेत करते हैं, लेकिन इन्हें भविष्य के रिटर्न की गारंटी नहीं समझना चाहिए।

पांच साल में उभर सकती है बढ़त

कॉन्ट्रा निवेश की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें फंड मैनेजर बाजार की तत्कालीन पसंद के बजाय भविष्य की संभावनाओं पर दांव लगाता है। किसी उपेक्षित कंपनी के शेयर में निवेश करने के बाद बाजार को उसकी वास्तविक क्षमता पहचानने में कई साल लग सकते हैं। इस दौरान शेयर का प्रदर्शन कमजोर रह सकता है और निवेशक का धैर्य डगमगा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, पांच साल की अवधि में कॉन्ट्रा फंड श्रेणी का औसत प्रतिफल लार्ज-कैप फंडों के मुकाबले लगभग दोगुना रहा है। इससे संकेत मिलता है कि इस निवेश रणनीति को परिणाम देने के लिए पर्याप्त समय की जरूरत होती है। हालांकि, यह निष्कर्ष रिपोर्ट में दी गई संबंधित अवधि के आंकड़ों पर आधारित है। अलग-अलग समय में परिणाम बदल सकते हैं। इसलिए कॉन्ट्रा फंड में निवेश करने वालों के लिए तीन से पांच साल या उससे अधिक का नजरिया उपयोगी हो सकता है। लेकिन लंबी अवधि का चुनाव भी नुकसान से सुरक्षा की गारंटी नहीं देता।

एक साल में नुकसान भी कम नहीं

कॉन्ट्रा फंड की संभावनाओं के साथ उसके जोखिम को समझना भी जरूरी है। रिपोर्ट के मुताबिक, एक साल के आधार पर इस श्रेणी का प्रतिफल लगभग 8 प्रतिशत नकारात्मक रहा। यह गिरावट लार्ज-कैप फंडों के प्रदर्शन के आसपास थी। इससे स्पष्ट होता है कि कॉन्ट्रा फंड भी बाजार की कमजोरी से अछूते नहीं हैं। दरअसल, बाजार जिन कंपनियों को पसंद नहीं कर रहा होता है, उनमें निवेश करने का अर्थ यह भी है कि निवेशक को कुछ समय तक कमजोर प्रदर्शन झेलना पड़ सकता है। यदि कंपनी का कारोबार उम्मीद के मुताबिक नहीं सुधरता, तो नुकसान लंबा खिंच सकता है। इसलिए केवल इस आधार पर निवेश करना उचित नहीं कि कोई फंड हालिया गिरावट के दौरान बेहतर टिका रहा है।

पोर्टफोलियो में कितनी हो हिस्सेदारी

वित्तीय विशेषज्ञों के अनुसार, कॉन्ट्रा फंड को पूरे निवेश पोर्टफोलियो का विकल्प बनाने के बजाय विविधीकृत निवेश व्यवस्था के एक हिस्से के रूप में देखना अधिक व्यावहारिक है। निवेशक अपने वित्तीय लक्ष्यों, जोखिम उठाने की क्षमता और निवेश की अवधि के अनुसार इसमें सीमित राशि लगा सकते हैं। जिन लोगों को निकट भविष्य में पैसे की जरूरत है या जो बाजार में उतार-चढ़ाव से घबरा जाते हैं, उनके लिए यह श्रेणी उपयुक्त नहीं हो सकती।

निवेश बनाए रखें

कॉन्ट्रा फंड उन निवेशकों के लिए उपयोगी विकल्प हो सकते हैं, जो बाजार की अस्थायी निराशा के पीछे छिपे अवसर तलाशना चाहते हैं और लंबी अवधि तक निवेश बनाए रख सकते हैं।



'लोटस डील फेस्टिवल' जीतो 5 करोड़ तक के ईनाम



बिलासपुर। वैसे तो यह समय नई चीजें खरीदने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त होता है जब हम हमारी दैनिक दिनचर्या में एक नयापन व बदलाव चाहते है। रोज बदलती टेक्नोलॉजी के इस दौर में इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट्स भी हर बार नए व बेहतरीन फीचर्स के साथ अपग्रेड होकर आते है। ऐसे में हमारे घर के प्रोडक्ट्स को अपडेट करना भी लाजमी है जिससे हम हमारी लाइफ को और आसान बना सके। लेकिन सिर्फ ऐसे ही प्रोडक्ट्स खरीद लेना सही नहीं।

जरुरत है प्रोडक्ट को जानकर व समझकर खरीदने की। यह वजह है कि लोटस पर आना ग्राहकों को हमेशा ही मित्रत्व से भरा लगता है क्योंकि यहा वो उनके जरूरत के प्रोडक्ट्स की पहले सही जानकारी पा सकते है और उस प्रोडक्ट्स के उपलब्ध ब्रांड इत्यादि विशेषताएं समझ सकते है। जिससे वह अपने लिए सही प्रोडक्ट्स एक ही बार में चुन सके। हर प्रोडक्ट्स को देखकर व समझकर खरीदना जरूरी होता है। लोटस से एक्सपर्ट एडवाइस व गाइडेस के साथ सम्पूर्ण विश्वास से खरीदे अपने जरुरत के अनुसार मनपसंद प्रोडक्ट्स और आपको आपकी च्वाइस के प्रोडक्ट्स का फ्री डेमो भी मिलता है। यही वजह है कि ग्राहक भी केवल साइट्स पर न देखकर लोटस पर जाना बेहतर समझते है। लोटस भी अपने ग्राहकों का ध्यान रखते है उनकी खरीदारी को आसान बनाने में पूर्ण सहयोग देते है। इसीलिए लोटस भी अपने सभी इंटरनेशनल और नेशनल ब्रांड पर लेकर आए है बेहतरीन ऑफर्स। एलईडी, रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, माइक्रोवेव ओवन, लैपटॉप, एयर कंडीशनर, आरओ इत्यादि आकर्षक लोटस प्राइस पर। लोटस से इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों की खरीदी करने पर ग्राहकों को हमेशा उपयुक्त सलाह मिलती है और बेहतरीन सेल्स सर्विस भी। कुल मिलाकर यहां ग्राहकों के लिए है हर वो सुविधा जैसे शॉपिंग करना अत्यंत आनंददायक और लाभदायक अनुभव बन जाता है। और तो और एक्सप्रेस डिलीवरी, एक्सटेंडेड वारंटी, आसान फाइनेंस आदि। रिश्ता बेहतर जिन्दगी से लोटस का ध्येय वाक्य है। और पिछले 26 वर्षों से लोटस अपने उत्कृष्ट उत्पादों व सेवाओं के माध्यम से लाखों जिंदगियों में खुशियां ला चुका है और यह सिलसिला निरंतर जारी है।

दस साल में मिडकैप ने दिया सबसे ज्यादा रिटर्न, जोखिम भी कम नहीं

मिडकैप फंड मध्यम आकार की सूचीबद्ध कंपनियों में निवेश करते हैं। ऐसी कंपनियों के पास कारोबार बढ़ाने और नए बाजारों में विस्तार करने की संभावनाएं हो सकती हैं। यदि कंपनी की आय, मुनाफा और कारोबार तेजी से बढ़ता है, तो उसके शेयरों को भी फायदा मिल सकता है। यही वजह है कि अनुकूल बाजार में मिडकैप फंड बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। शेयर बाजार में निवेश करने वालों के सामने अक्सर यह सवाल रहता है कि म्यूचुअल फंड की किस श्रेणी में पैसा लगाने से बेहतर रिटर्न मिल सकता है। कोई ज्यादा कमाई की उम्मीद में मिडकैप फंड चुनता है तो कोई अपेक्षाकृत बड़ी और स्थापित कंपनियों में निवेश के लिए लार्जकैप को प्राथमिकता देता है। वहीं, फ्लेक्सीकैप फंड में निवेश करने वालों को बड़ी, मध्यम और छोटी कंपनियों के शेयरों में निवेश का विकल्प मिलता है। आईसीआरए एनालिटिक्स की सितंबर 2026 की रिपोर्ट बताती है कि पिछले पांच और दस साल के औसत सालाना रिटर्न में मिडकैप फंड सबसे आगे रहे। हालांकि, अधिक रिटर्न का अर्थ यह नहीं है कि हर निवेशक के लिए यही सबसे अच्छा विकल्प है।

मिडकैप का औसतन रिटर्न 5 साल में 13.41%

आंकड़ों के अनुसार, मिडकैप फंड ने पांच साल में औसतन 13.41 प्रतिशत और दस साल में 14.80 प्रतिशत सालाना रिटर्न दिया। फ्लेक्सीकैप का रिटर्न क्रमशः 9.38 और 12.48 प्रतिशत रहा। लार्जकैप फंड पांच साल में 7.20 प्रतिशत और दस साल में 10.72 प्रतिशत के औसत सालाना रिटर्न पर रहे। इस तरह लंबी अवधि के प्रदर्शन में मिडकैप ने दोनों श्रेणियों को पीछे छोड़ा।

मिडकैप में ज्यादा कमाई की संभावना क्यों?

मिडकैप फंड मध्यम आकार की सूचीबद्ध कंपनियों में निवेश करते हैं। ऐसी कंपनियों के पास कारोबार बढ़ाने और नए बाजारों में विस्तार करने की संभावनाएं हो सकती हैं। यदि कंपनी की आय, मुनाफा और कारोबार तेजी से बढ़ता है, तो उसके शेयरों को भी फायदा मिल सकता है। यही वजह है कि अनुकूल बाजार में मिडकैप फंड बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। लार्जकैप फंड मुख्य रूप से बड़ी और स्थापित कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं। इन कंपनियों का कारोबार व्यापक और संचालन अपेक्षाकृत मजबूत हो सकता है। जो निवेशक छोटी कंपनियों के उतार-चढ़ाव से असहज होते हैं।

बच्चों को बचपन से सिखाएं पैसे की समझ, रहेंगे आर्थिक रूप से मजबूत

छोटी-छोटी बचत की आदतें बनाएंगी जिम्मेदार नागरिक **खर्च और फैसले लेने का सलीका सिखाना भी है जरूरी**

बिजनेस डेस्क

आज के दौर में बच्चों की परवरिश का बड़ा हिस्सा उनकी जरूरतें पूरी करने और उन्हें बेहतर सुविधाएं देने में बीतता है। खिलौनों से लेकर मोबाइल, महंगे कपड़ों और मनोरंजन तक, बच्चों की हर फरमाइश पूरी करने की कोशिश की जाती है। माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे किसी चीज से वंचित न रहें। लेकिन इस कोशिश में अक्सर एक जरूरी सबक पीछे छूट जाता है। पैसे की कीमत और उसका सही इस्तेमाल। आर्थिक रूप से मजबूत भविष्य की नींव केवल अच्छी कमाई से नहीं, बल्कि बचपन में विकसित हुई वित्तीय समझ से भी पड़ती है। इसलिए बच्चों को पैसे का महत्व समझाना, खर्च करने में विवेक सिखाना और बचत की आदत विकसित करना उनकी परवरिश का अहम हिस्सा होना चाहिए।

1. बिना पैसे खर्च किए भी खुश रहना सिखाएं

बच्चों को यह समझाना जरूरी है कि खुशी का हर जरिया बाजार से नहीं खरीदा जा सकता। परिवार के साथ समय बिताना, घर में मिलकर खाना बनाना, खेलना, किताबें पढ़ना और पार्क में घूमना भी आनंद के अच्छे साधन हैं। यदि बच्चे हर गतिविधि को किसी खरीदारी से जोड़कर देखेंगे, तो उनके मन में यह धारणा बन सकती है कि मनोरंजन के लिए पैसा खर्च करना अनिवार्य है। माता-पिता को अपनी दिनचर्या में ऐसे अवसर शामिल करने चाहिए, जिनमें बिना अतिरिक्त खर्च के भी परिवार खुशियां साझा कर सके।

2. हर मौके पर उपहार देना जरूरी नहीं

जन्मदिन, त्योहार, रिश्तेदारों से मुलाकात या किसी उपलब्धि पर उपहार देने की परंपरा आम है। उपहार देना गलत नहीं है, लेकिन इसे हर अवसर की अनिवार्यता बना देना उचित नहीं। बच्चों को समझना चाहिए कि किसी से मिलने जाना, उसके साथ समय बिताना और उसका हालचाल पूछना भी स्नेह जताने के महत्वपूर्ण तरीके हैं। हर मुलाकात में कुछ खरीदकर ले जाने की आदत



अनावश्यक खर्च बढ़ा सकती है। माता-पिता स्वयं भी इस सोच को अपनाएं कि रिश्तों की मजबूती महंगे उपहारों से नहीं, बल्कि समय, सम्मान और अपनापन देने से बढ़ती है। बच्चों को घर के छोटे-मोटे कामों में शामिल करना अच्छी आदत है। हर काम के बदले पैसे या कोई उपहार देना सही तरीका नहीं है। यदि बच्चा अपना सामान व्यवस्थित करता है, किसी की मदद करता है या घर के सामान्य कामों में हाथ बंटाता है।

जरूरत के समय पीपीएफ या पर्सनल लोन, कौन है बेहतर

बिजनेस डेस्क

यदि आपके पास पात्र पीपीएफ खाता है, कम रकम की जरूरत है और आप तय अवधि में कर्ज चुका सकते हैं, तो पीपीएफ लोन कम लागत वाला विकल्प हो सकता है। लेकिन यदि बड़ी रकम चाहिए, पीपीएफ लोन की पात्रता नहीं है या नियमित मासिक किस्तों में भुगतान करना सुविधाजनक है, तो पर्सनल लोन पर विचार किया जा सकता है। अचानक पैसों की जरूरत पड़ने पर सबसे बड़ी चुनौती होती है कि रकम कहां से जुटाई जाए और उस पर कितना ब्याज चुकाना पड़ेगा। ऐसे समय में बैंक से पर्सनल लोन लेना एक आम विकल्प है, लेकिन यदि आपका सार्वजनिक भविष्य निधि यानी पीपीएफ खाता है तो उससे भी कर्ज लिया जा सकता है। दोनों विकल्पों में ब्याज दर, कर्ज की सीमा और भुगतान की अवधि का बड़ा अंतर है।

पश्चिम मध्य रेल

ई–टेण्डर नोटिस, दिनांक : 28.10.2026
विद्युत लोको शेड, नई कटनी जंक्शन
वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता, टी.आर.एस., पश्चिम मध्य रेल, नई कटनी जंक्शन (कटनी) म. प्र. भारत के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से पात्रता पूर्ण करने वाले प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों से निम्न कार्य हेतु सिंगल ई निविदा के लिये आमंत्रित करते हैं। **निविदा सूचना क्रमांक** : एनकेजे/टीआरएस/टी/09/26 दिनांक: 16.10.2026, **कार्य का नाम** : रिहैबिलिटेशन एंड ओवरहॉलिंग ऑफ एल आर यू/बाल्वस इंस्टॉल्ड इन Knorr-Bremse मेक इम्प्रूव्ड सीसीबी एयर सिस्टम ऑफ थ्री फेस लोकोमोटिव्स ड्यूरिंग आई ओ एच शेड्यूल, **निविदा का अनुमानित मूल्य (रूपय)** : 21390173.61/-, **निविदा फॉर्म की कीमत (रूपय)** : Nil, **बयाना राशि (रूपय)** : 427800/-, **कार्य समापन की अवधि** : 24 माह, **निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय** : 16.11.2026 को 15:00 बजे तक, **टिप्पणी** : 1. निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र हमारे वैबसाइट "http://ireps.gov.in" पर उपलब्ध है। ई निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिये कोई भी मेन्युअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। यह सूचना वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता/टीआरएस/नई कटनी जंक्शन, प.म. रेल्वे के कार्यालय के सूचना पट भी चस्पा की गयी है। 2. निविदाकारों से अनुरोध है कि निविदा खुलने से पहले यदि कोई शुद्धि पत्र जारी किया गया हो तो उसके अनुसार निविदा भरे एवं असफल होने पर निविदा निरस्त किया जा सकता है। 3. निविदा फॉर्म का मूल्य निल, जीसीसी अप्रैल 2022 पार्ट। क्लाज नंबर 3 के अनुसार निविदा फॉर्म का मूल्य निल है। ई–निविदा फॉर्म सभी निविदाकार को फ्री में जारी किए जायेंगे। हस्ता.
सहा. मण्डल विद्युत अभियंता (टीआरएस)
पश्चिम मध्य रेल, नई कटनी जंक्शन
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय
महेंद्रगढ़ (हरियाणा) - 123031
NAAC A

विज्ञापन सं: 02/NT/R/2026 दिनांक: 28.10.2026

रोजगार सूचना

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ में **तकनीकी सहायक (कंप्यूटर)** के पद पर सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्ति हेतु पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। उक्त पद हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र, पात्रता मानदंड एवं अन्य विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट **www.cuh.ac.in** पर उपलब्ध है। इस संबंध में भविष्य में जारी की जाने वाली समस्त सूचनाएँ केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ही अपलोड की जाएँगी। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि **27 नवंबर 2026 सायं 5:00 बजे तक** है।

कुलसचिव

SBI भारतीय स्टेट बैंक
क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय-2 कोरबा, प्रथम तल, घंटाघर के पास, निहारिका, कोरबा (छ.ग.)

बैंक हेतु व्यावसायिक परिसर की आवश्यकता है

भारतीय स्टेट बैंक की **नवीन शाखा हसौद, जिला- सक्ती (छ.ग.)** खोले जाने हेतु उपयुक्त स्थान पर लगभग **2500-3000** वर्ग फीट क्षेत्रफल के व्यावसायिक भवन परिसर की किराये पर आवश्यकता है।

1. आवेदक प्रस्तावक के पास भवन का मालिकाना हक सहित विलेख (नवीन टाइटल डीड), प्रमाणित नक्शा, भवन निर्माण अनुज्ञा पत्र, प्रस्तावक का पहचान पत्र, वर्तमान पते के साथ दूरभाष/मोबाइल नंबर आदि होना चाहिए।
2. प्रस्तावित भवन को कम से कम 10 वर्षों के लिए किराये पर देने हेतु इच्छुक हों तथा आगे भी 5-5 वर्षों के नवीनीकरण का विकल्प हो। भवन सुसज्जित, निर्मित स्थिति (READY TO MOVE) में हो तथा निविदाकर्ता को बैंक की आवश्यकतानुसार भवन में सुधार करने हेतु तैयार होना चाहिए। इस संबंध पर कोई भी बकाया टैक्स अथवा अन्य विवाद न हो।
3. प्रस्तावित परिसर हसौद, जिला- सक्ती (छ.ग.) के मुख्य बाजार एवं उसके आस-पास के क्षेत्र में सुगम पहुँच वाले उपयुक्त स्थान पर स्थित होना चाहिए।
4. निविदाकर्ता को बैंक द्वारा चाही गई आवश्यक विद्युत लोड 3 फेज कनेक्शन लगभग 30-35 KVA सहित प्रस्तावित परिसर में उपलब्ध कराना होगा, जिसका खर्च भू-स्वामी को वहन करना होगा। भवन का अधिग्रहण लेने के पश्चात बिजली का बिल बैंक द्वारा दिया जायेगा। इसके साथ ही भवन परिसर के साथ जनरेटर (डी.जी.) रखने की उपयुक्त व्यवस्था हेतु लगभग 80-100 वर्ग फीट का पृथक स्थान उपलब्ध कराना होगा । तथा सुरक्षित 1000 वर्गफीट पार्किंग व्यवस्था होना चाहिए, जिसका अलग से किराया देय नहीं होगा।
5. प्रस्ताव के अलग-अलग लिफाफों में प्रस्तुत किये जाने हैं, जिनमें एक पर (तकनीकी भवन जानकारी) लिखा होना चाहिए तथा इसमें प्रस्तावित भवन का पता, व्यावसायिक स्वीकृति, भवन का एप्रूव्ड सहित स्वीकृत नक्शा, मालिकाना हक का प्रमाण, प्लाट का क्षेत्रफल एवं अन्य तकनीकी आवश्यकताओं और दूसरे लिफाफे में (वित्तीय भवन निविदा) लिखा होना चाहिए तथा इसमें दरें क्षेत्र (बिल्ट एरिया) प्रति वर्ग फीट किराया प्रतिमाह एवं अन्य वित्तीय नियम व शर्तें होना चाहिए।

प्रस्ताव का प्रारूप, पात्रता मानदंड, नियम व शर्तें और अन्य विवरण तथा निविदा कागजात **भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय-2 कोरबा, द्वितीय तल, घंटाघर के पास, निहारिका, कोरबा (छ.ग.)** से प्राप्त किये जा सकते हैं।

उक्त बिन्दुओं को ध्यान में रखकर **दिनांक 01.11.2026 से दिनांक 16.11.2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक** इच्छुक व्यक्ति अपने निविदा संपूर्ण कागजात सीलबंद लिफाफे में स्वयं अथवा पंजीकृत डाक द्वारा **भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय-2 कोरबा, द्वितीय तल, घंटाघर के पास, निहारिका, कोरबा (छ.ग.)** को प्रेषित कर सकते हैं।

बैंक किसी भी प्रस्ताव को बिना कारण स्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। **किसी भी प्रकार का कमीशन देय नहीं होगा।**

क्षेत्रीय प्रबंधक
क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय-2 कोरबा



5-स्टार होटल के स्वीमिंग पूल में करंट, 2 विदेशियों की मौत

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू

कर्नाटक के बेंगलुरु शहर में फाइव-स्टार होटल में स्विमिंग पूल में करंट लगने से 2 विदेशी नागरिकों की मौत हो गई है। यह घटना शहर के फाइव-स्टार कॉनराड होटल में हुई। पीड़ितों की पहचान जर्मन और स्लोवाकियाई नागरिकों के रूप में हुई है, जो होटल में ठहरे हुए थे। दोनों मृतकों के अलावा उन्हें बचाने की कोशिश में 2 और लोग घायल हो गए हैं। आरोप लगाया गया है कि दोनों मौतें कॉनराड होटल मैनेजमेंट की तरफ से स्विमिंग पूल के रखरखाव में लापरवाही बरतने के कारण हुई। घटना पर होटल मैनेजमेंट की तरफ से अभी तक कोई कमेंट नहीं आया है। घटना के बाद होटल ने स्विमिंग पूल को 31 अक्टूबर से 30 नवंबर तक मेंटेनेंस के लिए बंद कर दिया है।



एक कमरे का किराया 25 हजार प्रतिरात

कॉनराड एक लग्जरी 24-मंजिला फाइव-स्टार होटल है, जो हिल्टन ग्रुप का हिस्सा है। इस घटना ने होटल की लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, जहां एक स्टैंडर्ड कमरे में रहने का खर्च कम से कम 25000 प्रति रात है, वहां ऐसी घटना चौंकाने वाली है। मृतक की पहचान जर्मन नागरिक अलेक्जेंडर मैक्सिमिलियन थीस (57) के तौर पर हुई है, जो लुफ्थांसा एयरलाइंस में बतौर क्रू मेंबर काम करता था। दूसरे की पहचान स्लोवाकिया के नागरिक जुराज होर्वत (45) के रूप में हुई है, जो आईबीएम में प्रोजेक्ट मैनेजर था।

आप की लिस्ट जारी, सीएम मान लड़ेंगे धूरी से

मोहाली। पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 के लिए आम आदमी पार्टी (आप) ने 40 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। सीएम भगवंत मान धूरी सीट से ही चुनाव लड़ेंगे। 2022 में वे यहां से 58 हजार से ज्यादा वोटों से जीते थे। सूची में सभी मौजूदा विधायकों के नाम हैं। जेल में बंद मंत्री संजीव अरोड़ा का नाम भी इस लिस्ट में है। पंजाब की मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल मार्च 2027 में समाप्त हो रहा है। इससे पहले राज्य में विधानसभा चुनाव होने हैं। पंजाब में कुल 117 विधानसभा सीटें हैं, जिनमें से 94 पर आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक हैं। आप ने लुधियाना वेस्ट से संजीव अरोड़ा को उम्मीदवार बनाया है। जून 2025 में अरोड़ा इसी सीट से उपचुनाव जीतकर मंत्री बने थे। अरोड़ा 100 करोड़ से ज्यादा के मनी लॉन्डरिंग केस में साढ़े 5 महीने से गुरुग्राम जेल में बंद हैं। बुरे वक्त में पार्टी साथ नहीं छोड़ती, यही साबित करने को आप ने उन्हें उम्मीदवार बनाया।

आंध्र प्रदेश में सनसनीखेज वारदात

स्कूल में घुसकर छात्रा पर आरी से हमला, काट दिया गला

एजेंसी ▶▶ अनंतपुर (आंध्र प्रदेश)

आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां रापताडु में स्कूल परिसर के अंदर 10वीं कक्षा की एक छात्रा पर लकड़ी काटने वाली आरी से जानलेवा हमला किया गया। वारदात के दौरान स्कूल में छात्र और शिक्षक मौजूद थे। दिनदहाड़े स्कूल के अंदर हुई इस घटना से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। फिलहाल मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। शुरुआती जानकारी में हमले के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। जानकारी के मुताबिक घटना स्कूल के समय की है। आरोप है कि एक व्यक्ति स्कूल परिसर में घुस आया और छात्रा पर अचानक आरी से हमला कर दिया। हमले में छात्रा का गला काट गया, फिलहाल उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमलावर ने उसके चेहरे और सिर पर भी गंभीर वार किए। हमले के बाद छात्रा खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ी।

स्कूल परिसर में हमले से मची अफरा-तफरी

स्कूल के अंदर इस तरह की हिंसक वारदात से छात्रों और स्कूल स्टाफ के बीच अफरा-तफरी मच गई। गंभीर रूप से घायल छात्रा को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। छात्रा की हालत को लेकर फिलहाल विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमले में छात्रा का दायां हाथ कट गया और चेहरे, गर्दन और कान पर गंभीर चोटें आईं। उसे बचाने पहुंची दूसरी छात्रा भी घायल हो गई।

प्रथम पृष्ठ का शेष

राज्योत्सव का भव्य...

मनसुख मांडविया मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। राज्योत्सव के दूसरे दिन 2 नवंबर को राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल करेंगे। वहीं, राज्योत्सव का समापन 3 नवंबर को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर राज्य अलंकरण समारोह का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

पहले दिन पलक मुच्छल के सुरों से सजेगी राज्योत्सव की शाम-

राज्योत्सव के पहले दिन 1 नवंबर को मुख्य मंच पर शाम 5 बजे से सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का सिलसिला प्रारंभ होगा। शाम 5 से 6 बजे तक दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के कलाकार प्रादेशिक एवं राज्यस्तरीय लोकसंगीत की प्रस्तुतियां देंगे। शाम 6 बजे से रायपुर के कलाकार अनुराग शर्मा अपनी संगीतमय प्रस्तुति देंगे। शाम 6.30 से 8 बजे तक उद्घाटन समारोह आयोजित होगा। इसके बाद रात 8 बजे से बॉलीवुड की प्रसिद्ध पार्श्व गायिका पलक मुच्छल अपनी सुरीली आवाज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगी।

दूसरे दिन 'मैं अयोध्या हूं' नाट्य मंचन और स्वास्ति मेहुल की संगीतमय प्रस्तुति-

राज्योत्सव के दूसरे दिन 2 नवंबर को कला और संस्कृति के विविध रंग देखने को मिलेंगे। शाम 6 से 7 बजे तक 'मैं अयोध्या हूं' नाट्य प्रस्तुति का मंचन किया जाएगा। यह प्रस्तुति भारतीय सांस्कृतिक चेतना और अयोध्या की ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक विरासत को मंच पर अभिव्यक्त करेगी। शाम 7 से 8 बजे तक रायपुर के कलाकार श्री सुनील सोनी अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके बाद रात 8 बजे से बॉलीवुड पार्श्व गायिका सुश्री स्वास्ति मेहुल के गीतों से राज्योत्सव का मंच गुंजायमान होगा।

तीसरे दिन पद्मश्री उषा बारले की लोक प्रस्तुति, -

अभिजीत भट्टाचार्य के गीतों से होगा समापन-

राज्योत्सव के अंतिम दिन 3 नवंबर को शाम 6 से 6.30 बजे तक दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के कलाकार लोकसंगीत की प्रस्तुति देंगे। शाम 6.30 से 7 बजे तक छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध पंथी कलाकार पद्मश्री सुश्री उषा बारले की प्रस्तुति विशेष आकर्षण होगी। शाम 7 से रात 9 बजे तक राज्य अलंकरण समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके बाद रात 9 बजे से बॉलीवुड के प्रसिद्ध पार्श्व गायक अभिजीत भट्टाचार्य अपने लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति देंगे।

एयरफोर्स का सारंग डिस्प्ले करतब -

एयरफोर्स की सारंग हेलिकॉप्टर डिस्प्ले टीम पांच हेलिकॉप्टरों के साथ करीब 10 तरह के फॉर्मेशन और हवाई करतब दिखाएगी। हेलिकॉप्टरों के अलग-अलग दिशाओं में तेजी से बिखरने तक के प्रदर्शन शामिल हैं। एयर शो में सारंग टीम के अलावा वायुसेना की आकाशगंगा स्काईडाइविंग टीम भी अपने कौशल का प्रदर्शन करेगी। वहीं, एमआई-17 हेलिकॉप्टर से विशेष स्लिदरिंग ऑपरेशन दिखाया जाएगा। इसमें जवान हेलिकॉप्टर से रस्सी के सहारे नीचे उतरते हुए दिखाई देंगे। वायुसेना के इन प्रदर्शनों के जरिए लोगों को उसकी ऑपरेशनल क्षमता, तकनीक और जवानों के प्रशिक्षण की झलक मिलेगी।

बीमा और पीयूसी...

बताया गया है। गाड़ी को ब्लैक लिस्ट से हटाने आरटीओ कार्यालय से संपर्क कर जरूरी प्रक्रिया पूरी करने कहा गया है।

ज्ञानेश पर देशद्रोह...

कृत्य और राष्ट्र तथा भारत के संविधान के खिलाफ देशद्रोह का कृत्य है।

मीरा कुमार ने की अध्यक्षता-

लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष मीरा कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जबकि समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद और तृणमूल कांग्रेस के सांसद सौगत रॉय उपाध्यक्ष की भूमिका में थे। खड़गे के अलावा कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, जयराम रमेश तथा के. सी. वेणुगोपाल समेत अन्य नेता 'जन महाभियोग' कार्यक्रम में मौजूद थे।

दिल्ली में आज विपक्ष की महारैली-

कांग्रेस ने रैली में 10 लाख से ज्यादा लोगों के जुटने का दावा किया है। दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर को होने वाली रैली कांग्रेस और राहुल गांधी के लिए महज एक राजनीतिक प्रदर्शन नहीं, बल्कि अपनी ताकत साबित करने की बड़ी परीक्षा है। रामलीला मैदान में एक नवंबर को इंडिया गठबंधन की रैली को लेकर दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। रैली में 50 हजार से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना के मद्देनजर पूरे इलाके की निगरानी ड्रोन से की जाएगी। इसके लिए 12 से 15 ड्रोन तैनात किए जाएंगे।

राहुल बोले- 2024 लोकसभा चुनाव अवैध-

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव अवैध है। सीईसी के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा चलाया जाना चाहिए। गांधी ने यहां 'जन महाभियोग' कार्यक्रम के समापन भाषण में यह दावा किया।

चुनाव आयोग खुद कह रहा है कि 2024 का लोकसभा चुनाव एक अवैध चुनाव है। जो लोग लोकसभा में पहुंचे हैं, यानी भाजपा के लोग अवैध तरीके से लोकसभा में पहुंचे हैं। राहुल गांधी ने वोट चोरी पर कहा, 13.3 करोड़ मतदाताओं के नाम हटा दिए गए। यानी हर सात भारतीयों में से एक का नाम हटा दिया गया। भारत के कुल मतदाताओं में से 15% के नाम हटा दिए गए।

ब्रेड फैक्ट्री में...

लिए लिए गए हैं।

बिना लाइसेंस चल रही थी कृष्णा स्वीट्स-

कमल विहार स्थित कृष्णा स्वीट्स में निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान बिना खाद्य अनुज्ञप्ति के संचालित पाया गया। यह प्रतिष्ठान विभिन्न प्रकार की पैक्ड मिठाइयों की ट्रेडिंग का कार्य करता है। विभागीय टीम ने यहां से कुन्दा एवं मैसूर पाक के नमूने लिए। इसके अतिरिक्त डिलिशियस स्वीट्स 720 किलोग्राम, मैसूर पाक 112 किलोग्राम तथा कुन्दा 3960 किलोग्राम जब्त किया गया।

ब्रेड बास्केट में चूहे -

समता कॉलोनी स्थित लक्ष्मी फूड प्रोडक्ट्स (ब्रेड बास्केट) में निरीक्षण के दौरान ब्रेड निर्माण की परिस्थितियां अस्वच्छ पाई गईं। परिसर के अंदर अनेक चूहे घूमते हुए दिखाई दिए, जबकि स्टोर रूम में भी अत्यधिक गंदगी मिली। खाद्य पदार्थों के निर्माण एवं भंडारण में स्वच्छता के निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जा रहा था। विभागीय टीम ने विभिन्न प्रकार के लगभग 80 किलोग्राम ब्रेड को नष्ट कराने की कार्रवाई की।

डीएमएफ घोटाले में...

मुताबिक सरकारी अधिकारियों, एजेंटों और बिचौलियों का एक संगठित नेटवर्क सक्रिय था। इस नेटवर्क ने डीएमएफ की राशि से ऐसे कामों को प्राथमिकता दिलाई, जिनमें निर्माण और जनकल्याण के बजाय सामान की आपूर्ति से जुड़े कार्य अधिक थे। इसके लिए चुनिंदा कंपनियों और फर्मों को फायदा पहुंचाया गया। खरीद की कीमतें बढ़ाकर दिखाई गईं और सरकारी धन से बड़े पैमाने पर अवैध कमीशन वसूला गया। ईडी की जांच में खुलासा हुआ है कि रेट कांट्रैक्ट होल्डर कंपनियों और संस्थाओं के पक्ष में जारी किए गए खरीदी आदेशों की मूल राशि पर एजेंट और बिचौलिये 25 से 50 प्रतिशत तक कमीशन वसूलते थे। आरोपों के मुताबिक कमीशन का बड़ा हिस्सा प्रभावशाली लोगों तक पहुंचाया जाता था।

अपराध से अर्जित आय 35 करोड़ चिन्हित -

ईडी ने अपनी जांच रिपोर्ट में आरोपियों से जुड़ी अपराध से अर्जित आय (प्रोसीड्स ऑफ क्राइम) की राशि करीब 35 करोड़ रुपए आंकी है। इसके विरुद्ध 31.70 करोड़ रुपए की संपत्तियां कुर्क की गई हैं। एजेंसी के अनुसार, इस मामले में अब तक चार आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें निलंबित आईएएस अधिकारी रानू साहू भी शामिल है। ईडी इस प्रकरण में अब तक कुल करीब 50 करोड़ रुपए की संपत्तियां कुर्क कर चुकी है।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सर्भी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

JHAIGO Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?
वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

आवश्यकता है

आवश्यकता है- शादी कार्ड शोरूम में काम करने के लिए लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- उपहार कार्ड कलेक्शन सीएमडी कॉलेज के पास पुरुषोत्तम भवन लिंक रोड बिलासपुर (42221)

आवश्यकता है- घर के लिए अनुभवी पुरुष कुक चाहिए, जिन्हें शुद्ध शाकाहारी एवं मल्टीकुजीन खाना बनाना आता हो। यादव एवं ब्राह्मण को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- आरएसबी कम्पाउंड, नया सरकंडा, बिलासपुर 7879858767, 7223890879 (42218)

आवश्यकता है- अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर चाहिए (हिन्दी, अंग्रेजी टाइपिंग, MS Excel, E-Tender, PM सूर्य घर योजना एवं EPF/ ESIC ऑनलाइन कार्यों का ज्ञान आवश्यक) अनुभवी को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- 9754373800, 7987382110 (42220)

आवश्यकता है- होटल के किचन में बर्तन धोने हेतु नाइट शिफ्ट में हाउस कीपिंग स्टाफ (पुरुष/ महिला) चाहिए। सम्पर्क करें- होटल विस्तारा SBI के ऊपर, काली मन्दिर के पास, तिफरा, बिलासपुर 9301577078 (42222)

आवश्यकता है!
श्री फेज मोटर वाइंडर
2 पद
योग्यता एवं अनुभवः
• न्यूनतम 15 वर्ष का कार्य अनुभव अनिवार्य।
सुविधाएंः
• PF एवं ESIC की सुविधा उपलब्ध।
• वेतन योग्यता एवं अनुभव के अनुसार।
संपर्क करें -
किशोरी ट्रेडर्स
सेन्दरी - मोपका बाईपास, बिलासपुर
मो.- 8305812308
इच्छुक एवं अनुभवी उम्मीदवार तुरंत संपर्क करें।

आवश्यकता है- लेडिज रेडीमेड शोरूम में कार्य करने हेतु बिलिंग, फोल्डिंग एवं सेल्समैन के लिए लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- सदर बाजार बिलासपुर 9993237937 (42214)

आवश्यकता है- कपड़े शोरूम में सेल्समैन (वेतन 11000 से 13000), हेल्पर लड़के, लड़कियां चाहिये (वेतन 7000 से 10000) सम्पर्क करें- दोपहर 2-5, न्यूलुक कलेक्शन बृहस्पति बाजार चौक राजेन्द्र नगर रोड बिलासपुर 9238247005 (42072)

आवश्यकता है- दुकान में काम करने के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- गोविन्द इलेक्ट्रॉनिक गेट नं.-1 बुधवारी बाजार बिलासपुर 93006 35599 (42212)

आवश्यकता है- बर्तन दुकान में कार्य हेतु 2 लड़कों की आवश्यकता है। वेतन 4अंको में। पता- घर संसार, नरेश बाजार के सामने, बजरंग कॉम्प्लेक्स के पास, पुराना बस स्टैण्ड, तेलीपारा बिलासपुर 7999822285 (42216)

आवश्यकता है- होटल में कार्य करने हेतु रिसेप्शनिस्ट -3 पद एवं हाउस कीपिंग स्टाफ- 6 पद (डे/ नाईट) की आवश्यकता है। अनुभवी एवं फ्रेशर दोनों सम्पर्क करें- 8770752557 (42213)

Requirment- Manager Qualification Roles And Responsibilities- General Administration Statutory Compliances Legal Matters Salary Will be Commensurate With Qualification And Experience Intersted Candidate may send Resume Mo.- 8283848502 (42209)

आवश्यकता है- बिलासपुर शहर में कार्य करने हेतु 15 से 20 सेल्स एग्जीक्यूटिव युवक/ युवती एवं एक एडमिन (डिजाइनर) की अतिशीघ्र आवश्यकता है योग्यता- ग्रेजुएशन, वेतन योग्यता अनुसार रिज्यूम व्हाट्सएप्प करें- 9111124555 (42210)

आवश्यकता है- वेलनेस एजेन्सी में कार्य करने हेतु एक बिजनेस मार्केटिंग मैनेजर (योग्यता MBA, MCA बीफार्मा) एवं बिलिंग हेतु एक अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 70671 24226 (42201)

आवश्यकता है- सनराइज पब्लिक स्कूल में कक्षा पहली से छठवीं तक हिन्दी अंग्रेजी एवं गणित की शिक्षिका की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- सुबह 9बजे से दोपहर 12बजे तक 9691700427 (42207)

आवश्यकता है- रेस्टोरेंट एवं होम किचन कार्य हेतु अनुभवी महिला/ युवती कुक चाहिए। प्राथमिकता सिन्धी महिला/ युवती, अदर कॉस्ट भी सम्पर्क करें- 9685196851, 79999 70000 स्थान गांधी चौक सिटी हॉस्पिटल के पीछे बिलासपुर (42205)

आवश्यकता है- 1. सुरक्षा गार्ड 28 वेतन 17000 2. कप्यूटर ऑपरेटर 3 अनुभव 2 वर्ष टेंडर कार्य, ऑनलाइन, जेम, ऑफलाइन वेतन 20000 3. मार्केटिंग ऑफिसर 4.वेतन 40000 अनुभव 3 वर्ष मार्केटिंग कार्य योग्यता MA/ MBA संपर्क करे- Alert sgs private limited कार्यालय : प्रथम तल 06 जे शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर छत्तीसगढ 7746000016, 77470 00016 (815)

आवश्यकता है- मेडिकल एजेन्सी में बिलासपुर शहर और आऊटर में अलग अलग अनुभवी सेल्समैन चाहिए। बायोडाटा, आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- नेशनल मेडिकोज, नागरिक सहकारी बैंक के पास, बृहस्पति बाजार बिलासपुर 9329124924 (42203)

आवश्यकता है- ज्वेलर्स शॉप में कार्य करने हेतु अनुभवी स्टाफ की। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सुबह 11बजे से दोपहर 2बजे तक शुभम एण्ड शुभम ज्वेलर्स सदर बाजार मारवाड़ी लाईन बिलासपुर 8982466692 (42208)

आवश्यकता है- जांजगीर चांपा, मुंगेली, कोरबा, रायगढ़, पेन्ड्रा, बेमेतरा बलौदा बाजार हेतु मार्केटिंग मैनेजर 7पद फिल्ड आफिसर 20पद पर आवश्यकता है योग्यता- ग्रेजुएट, वेतन 12000 से 20000 सम्पर्क- अग्रसेन चौक बिलासपुर 7611173558 (42202)

बेचना है

बेचना है- व्यापार विहार बिलासपुर में एक कमर्शियल प्लाट साईज 375 वर्गफीट एवं सिरगिट्टी में गोविन्द नगर में 3225 वर्गफुट प्लॉट शीघ्र बेचना है इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें मो. 9630083740, 9770676030 (42217)

बेचना/किराया- जी.एस. प्लाजा, नवभारत प्रेस के पास, जीत टॉकीज के सामने, पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर में 336 वर्गफुट की दुकान शोरूम, ऑफिस इत्यादि हेतु उपयुक्त किराया/ बेचना है। सम्पर्क करें- 9098878888 (42219)

बेचना है-मिलन चौक काली मन्दिर, कुदुदण्ड स्थित इंजीनियर कॉलोनी में 2160 वर्गफुट जमीन पर 1361 वर्गफुट में बना मकान जमीन के रेट से बेचना है। कृपया सम्पर्क करें- 7648017211 (42188)

बेचना है- जमीन बेचना है कोरबा- कटघोरा मार्ग पर छुरी कलां पंचायत भवन के पास शानदार फ्रंट की 15 डिसमिल जमीन अतिशीघ्र बेचना है। सम्पर्क करें- 7566835999 (42199)

बेचना है- अलका एवेन्यू कॉलोनी उसलापुर रेलवे स्टेशन के पास बिलासपुर में 34×55= 1870 वर्गफुट पूर्व मुखी प्राइम लोकेशन में 2 प्लाट अतिशीघ्र बेचना है सम्पर्क 8839864986 (42200)

बेचना है- 70 का फ्रंट 36 डिसमिल मेन रोड पर कमर्शियल प्लॉट रतनपुर से कटघोरा NH हाइवे पर प्लॉट रतनपुर में आएगा बेचना है रेट 650/- रुपए फुट सम्पर्क करें- 9827938236, 93003 28495 (42211)

बेचना है- 251/- मात्र सस्ते में प्लाट बेचना है वृन्दावन फार्म्स के पास सेमरताल कोनी में 15696 वर्गफिट एवं आरटीओ कार्यालय के आगे उरतूम (लगरा) में 13080 एवं 16132 वर्गफिट शानदार प्लाट। तत्काल रजिस्ट्री में खर्च फ्री। खरीदार सम्पर्क करें- 9406441535, 93008 78897 (42215)

बेचना है-भारत माला प्रोजेक्ट के पास नेशनल हाईवे 130A रोड से लगा 150 फ्रंट बाऊंड्री वाल से घिरा लिमतरा खैरा रोड पर स्थित (एक एकड़) जमीन शीघ्र बेचना सम्पर्क करें- 8349054531 (42185)

सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेनदेन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापनदाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:-मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:-मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:-मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:-मो. 9300659628
- रौनक पब्लिसिटी:-मो. 9300328290, 9981658490
- भार्गव एडवरटाइजर्स:-मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:-मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:-मो. 9827180896, 9131155033
- श्री श्याम पब्लिसिटी:-मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:-मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:-मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:-मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:-मो. 9827466133, 9907047586
- हिबिस्कस मार्केटिंग एण्ड एडवर्टाइजमेंट:-मो. 8109229025

MedicareSpecialists
यौन रोग व यौन कमजोरी
प्रायः सदियों से लोग जानते हैं कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।
क्या आपको किसी प्रकार के वायरस (बैक्टिरिया) संक्रमण रोग है जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी छाले, चमड़ी का फटना, खुजली, लाल होना, पेशाब में जलन या पीप आना, मुंह में छाले, पेट के दाहिने तरफ दर्द हो तो यह हर्पिस रोग हेपेटाइटिस (ABC), सिफलिस, गौनोरिया (सुजाक) रुबेला या एच.आई.वी. (HIV, AIDS) रोग हो सकता है। ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं। तुरंत खून की जाँच करायें। यदि खून का रिपोर्ट ठीक भी है और आप रोग से परेशान है तो भी इसका स्थायी जड़ से ईलाज केवल आयुर्वेद के रस-रसायन में ही संभव है अन्य कोई उपाय नहीं है इसी को इम्यूनोथैरिपी कहा जाता है। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहें तो इनकी झूठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.वी. अग्रवाल (BAMS MD) (यौन रोग विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
98271-99213,94255-55659
96177-89223,93032-42200
गुरुवार अवकाश, मिलने का समय दोपहर 12 से 7 बजे तक

आपके सपनों का आशियाना
जल्द होगा आपका...
पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड
सब कुछ है यहां

जुरेल और पडिक्कल का जलवा, न्यूजीलैंड 'ए' के खिलाफ मजबूत स्थिति में भारत 'ए'

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

कप्तान ध्रुव जुरेल के नाबाद 99 रन और देवदत्त पडिक्कल के 80 रन की मदद से भारत ए ने न्यूजीलैंड ए के खिलाफ चार दिवसीय मैच के पहले दिन शनिवार को 7 विकेट पर 291 रन बनाए। जुरेल 155 गेंद में 99 रन बनाकर और आकाश दीप 25 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं।

दोनों अभी तक आठवें विकेट की साझेदारी में 69 रन जोड़ चुके हैं। लंच के समय भारत ए का स्कोर एक विकेट पर 87 रन था। यशस्वी जायसवाल को पहले ओवर की चौथी गेंद पर तेज गेंदबाज फ्रेजर शीट ने पगबाधा आउट किया। लंच के बाद पहले ओवर में साइ सुदर्शन (41) आउट हो गए, जिन्हें तेज गेंदबाज जेरोड मैकी ने विकेट के पीछे मिचेल हे के हाथों लपकवाया। पडिक्कल ने दूसरा छोर संभालकर 101 गेंद में अर्धशतक पूरा किया।



भारत के 7 रन पर गिरे 3 विकेट

भारत का स्कोर एक समय दो विकेट पर 131 रन था लेकिन न्यूजीलैंड ने 7 रन के भीतर 3 विकेट चटकाए। यश राठौड़ (13) पहले आउट हुए और उनके बाद पडिक्कल का विकेट गिरा। रविचंद्रन स्मरण को शीट ने पगबाधा आउट किया। वॉशिंगटन सुंदर को भी शीट ने ही पवेलियन भेजा। जुरेल और मानव सुतार (22) ने सातवें विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी की। जुरेल ने 93 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।

शतक से एक रन दूर जुरेल

पहले दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने 7 विकेट के नुकसान पर 291 रन बना लिए हैं। कप्तान जुरेल अपने शतक से मात्र 1 रन दूर हैं। जुरेल 155 गेंदों पर 11 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 99 रन पर नाबाद हैं। उनके साथ आकाश दीप 58 गेंदों पर 25 रन बनाकर खेल रहे हैं। न्यूजीलैंड की तरफ से फ्रेजर शेट से 4 विकेट लिए हैं। ब्रेट रैंडेल, जारोड मैके और जेडन लेनोक्स ने 1-1 विकेट लिए हैं।



जायसवाल का तीसरा फ्लॉप शो

एक तरफ जहां पडिक्कल ने अपनी बल्लेबाजी से छाप छोड़ी, वहीं सीनियर टीम के नियमित ओपनिंग बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल का खराब फॉर्म चिंता का विषय बना हुआ है। यशस्वी मैच की पहली ही ओवर में फ्रेशर शीट की गेंद पर खाता खोले बिना चार गेंदों में शून्य पर आउट हो गए। आगामी न्यूजीलैंड सीरीज से पहले उनका यह लगातार तीसरा फ्लॉप शो है। इससे पहले उन्होंने सीरीज के पहले मैच में भी महज 17 और 5 रन बनाए थे।

डक पर आउट हुए रविचंद्रन

भारतीय मध्यक्रम की शुरुआत इस मैच में कुछ खास नहीं रही। पडिक्कल के आउट होने के ठीक बाद मैदान पर उतरे स्मरण रविचंद्रन भी अपनी पहली ही गेंद पर एलबीडब्ल्यू होकर गोल्डन डक का शिकार बन गए। वहीं पहले टेस्ट की पहली पारी में शतक जमाने वाले विदर्भ के यश राठौड़ से भी बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन वे भी मात्र 13 रन बनाकर चलते बने, जिससे भारतीय पारी बीच में लड़खड़ाती नजर आई।

छत्तीसगढ़ हॉकी लीग

खिताब के लिए भिड़ेंगे मैनपाट टाइटन्स और संस्कारधानी स्ट्राइकर्स

रायपुर। छत्तीसगढ़ हॉकी लीग के फाइनल में मैनपाट टाइटन्स का मुकाबला संस्कारधानी स्ट्राइकर्स से होगा। शनिवार को खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में प्रदीप मोर की टीम ने चिंगलेनसाना सिंह की बैलाडीला बुल्स को 3-1 से मात दी। इससे पहले स्ट्राइकर्स ने न्यायधानी नाइट्स को 6-3 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की थी। उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक अनुज शर्मा, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव यशवंत कुमार, बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष प्रभतेज सिंह भाटिया, आईएनएच एवं हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल की डीजीएम पूनम शर्मा, बाल्को के कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन हेड विजय बाजपेयी, एनटीपीसी के कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के डीजीएम सहदेव सेठी, एनएमडीसी के कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन सीनियर मैनेजर अजय कुमार और एसबीआई के एजीएम सतीश प्रसाद मुंडे दूसरे सेमीफाइनल को देखने स्टेडियम पहुंचे थे।

- सेमीफाइनल 1 - संस्कारधानी स्ट्राइकर्स ने न्यायधानी नाइट्स को 6-3 से हराया
- सेमीफाइनल 2- मैनपाट टाइटन्स ने बैलाडीला बुल्स को 3-1 से दी मात

बुल्स और टाइटन्स के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा

पहले सेमीफाइनल के मुकाबले बुल्स और टाइटन्स के बीच का यह मैच थोड़ा शांत रहा। हालांकि, मैच के स्तर में कोई कमी नहीं थी और दोनों टीमों ने बेहतरीन हॉकी का प्रदर्शन किया। टाइटन्स के लिए संदीप कुमार ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए गोल करके खाता खोला। पहले हाफ के अंत तक यही एकमात्र गोल था। इस हाफ में दोनों टीमों ने मैदान के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा दिखाई। दोनों टीमों ने कई बार सर्कल के अंदर प्रवेश किया और उतने ही शानदार टैकल भी देखने को मिले। दोनों टीमों का डिफेंस बहुत मजबूत था। उन्होंने सर्कल के अंदर कोई गलती नहीं की, जिससे विपक्षी टीम को ज्यादा पेनल्टी कॉर्नर नहीं मिल सके।

संस्कारधानी स्ट्राइकर्स ने न्यायाधानी नाइट्स के खिलाफ पलटी बाजी

शनिवार का पहला सेमीफाइनल पूरे टूर्नामेंट के सबसे बेहतरीन मैचों में से एक रहा, जिसमें संस्कारधानी ने न्यायधानी को 6-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दोनों टीमों ने शानदार कौशल का प्रदर्शन किया। लेकिन अंततः अंडरडॉग मानी जा रही स्ट्राइकर्स टीम ने जीत हासिल की। शाहरुख ने एक फ्लिक के जरिए गोल किया, जो पोस्ट के दाहिने कोने में जाकर लगा। इसके कुछ ही देर बाद नाइट्स के आदर्श ने भी एक फील्ड गोल करके स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। दूसरे क्वार्टर में आशीष तानी पूर्ति ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए लीग में अपना 13वां गोल किया और टूर्नामेंट के सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। तीसरे क्वार्टर में शाहरुख ने नाइट्स के कुछ डिफेंडरों को चकमा देते हुए एक फील्ड गोल किया और स्कोर बराबर कर दिया।

वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को 8 विकेट से हराया

ढाका। सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग के नाबाद 81 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में बांग्लादेश को 8 विकेट से शिकस्त देकर दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली।

बांग्लादेश की दूसरी पारी 142 रन पर सिमट गई, जिससे वेस्टइंडीज को जीत के लिए 170 रन का लक्ष्य मिला, जिसे उसने 2 विकेट गंवाकर हासिल कर ली। कैरेबियाई स्पिनरों के सामने बांग्लादेश के बल्लेबाज टिक नहीं सके और उसने अपने आखिरी 9 विकेट गंवाकर केवल 169 रन की बढ़त हासिल की। कप्तान रोस्टन चेज ने अपनी चतुराई भरी ऑफ स्पिन गेंदबाजी से 36 रन देकर पांच विकेट झटके। पहली पारी में 53 रन देकर 5 विकेट लेने वाले बाएं हाथ के स्पिनर जोमेल वारिकन ने दूसरी पारी में भी शानदार गेंदबाजी करते हुए 63 रन देकर चार बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। चौथे दिन खराब होती पिच पर खराब रोशनी, बारिश और बिजली चमकने के कारण खेल कई बार बाधित हुआ।



रबाडा ने रचा इतिहास, टेस्ट में लिए सबसे तेज 350 विकेट



केपटाउन। साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले जा रहे केपटाउन के न्यूलैंड्स में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच में इतिहास रच दिया है। रबाडा टेस्ट में गेंदों के लिहाज से सबसे तेज 350 विकेट लेने वाले बॉलर बन गए हैं।

रबाडा ने यह मुकाम 13,808 गेंद फेंककर हासिल किया है। उन्होंने इस मामले में डेल स्टेन को पीछे छोड़ा है। स्टेन ने यह उपलब्धि 14,719 गेंद फेंककर हासिल की थी। रबाडा साउथ अफ्रीका की ओर से टेस्ट क्रिकेट में 350 विकेट लेने वाले चौथे गेंदबाज बने हैं। उनसे पहले टीम की तरफ से यह मुकाम डेल स्टेन, शॉन पोलॉक और मखाया एंटिनी ही हासिल कर सके हैं।

रबाड़ा ने की मार्शल के रिकॉर्ड की बराबरी-रबाडा ने यह मुकाम अपने 75वें टेस्ट में हासिल करते हुए वेस्टइंडीज के पूर्व गेंदबाज मैल्कम मार्शल के रिकॉर्ड की बराबरी की। मार्शल ने भी अपने टेस्ट करियर के 75वें मुकाबले में 350 विकेट पूरे किए थे। रबाडा मैचों के लिहाज से टेस्ट में सबसे तेज 350 विकेट पूरे करने वाले संयुक्त रूप से तीसरे गेंदबाज बने हैं। रबाडा ने इंटरनेशनल क्रिकेट में 600 विकेट भी पूरे कर लिए हैं। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले साउथ अफ्रीका के पांचवें गेंदबाज बने हैं।

न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवां मैच आज, सूर्यवंशी की वापसी संभव

हार के बाद बदलाव की राह पर भारत आखिरी टी-20 में नई टीम इलेवन!

एजेंसी ▶▶| हैमिल्टन

अपने स्थापित खिलाड़ियों का हमेशा समर्थन करने वाला भारतीय टीम प्रबंधन आकलैंड में पिछले मैच में मिली हार के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को पांचवें और आखिरी टी20 मैच में अंतिम एकादश में बदलाव कर सकता है। भारत ने श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढत बना ली है लेकिन विश्व चैंपियन टीम 5 मैचों की श्रृंखला से आखिरी मैच हारकर विदा नहीं लेना चाहेगी।

ऐसे में वैभव सूर्यवंशी की वापसी संभव है और उस दशा में संजू सैमसन को बाहर बैठना पड़ सकता है। सैमसन ने इस श्रृंखला में 67, 14, 18, 4 रन बनाए हैं। टीम प्रबंधन का उन्हें पूरा समर्थन हासिल है लेकिन एक ब्रेक से वह खोई लय हासिल कर सकते हैं।

लय हासिल करना चाहेंगे अय्यर

हाल ही में श्रेयस अय्यर की कप्तानी में टीम ने वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन खुद श्रेयस का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा और वे लोगों का ध्यान खींचने में नाकाम रहे। अय्यर ने टी20 में पहला शतक जमाने के बाद अगले 8 मैचों में 40, 1, 16, 22, 42, 7, 5, 22 रन बनाए। यहां अच्छी पारी खेलकर वह भी लय हासिल करना चाहेंगे। अय्यर के नाकाम रहने से निचले क्रम में नमन धीर और नीतीश कुमार रेड्डी ने पिछले कुछ मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया।



भारतीय आक्रमण की कमजोरियां उजागर

गेंदबाजी में दूसरे और तीसरे टी20 में न्यूजीलैंड को 200 रन से कम पर रोकने के बावजूद भारतीय आक्रमण की कमजोरियां उजागर हुई हैं। भारत अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल पर विकेटों के लिये काफी निर्भर रहा है । चार साल बाद वापसी करने वाले भुवनेश्वर कुमार अपेक्षा के अनुरुप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। भुवनेश्वर ने तीन मैचों में एक ही विकेट लिया और उनका इकॉनॉमी रेट 12 के आसपास रहा है। अर्शदीप अकेले भारतीय गेंदबाज हैं, जिनका इकॉनॉमी रेट इस श्रृंखला में 10 से कम रहा है। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण में धार देने के लिए कुलदीप यादव या वरुण चक्रवर्ती को टीम में लाना होगा, जिसके लिए धीर को बाहर रहना पड़ सकता है। तिलक वर्मा और अभिषेक शर्मा को भी बैकअप गेंदबाजों के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है लेकिन उनके महंगे साबित होने का खतरा है।

आत्मविश्वास हासिल करना चाहेगी कीवी टीम

न्यूजीलैंड टीम पांच मैचों की वनडे श्रृंखला से पहले आखिरी मैच जीतकर आत्मविश्वास हासिल करना चाहेगी। अगले साल अफ्रीका में होने वाले आईसीसी विश्व कप से पहले यह वनडे श्रृंखला काफी महत्वपूर्ण है।

मैच का समय : भारतीय समयानुसार दोपहर 12:30 बजे।



लॉस एंजिलिस ओलंपिक पदक पर मनीषा की नजरें

नई दिल्ली। भारत की पहली महिला विश्व चैंपियन बनी मनीषा भानवाला की नजरें 2005 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में 57 किलोवर्ग में पदक जीतने पर है और इस अनुभवी पहलवान की ताकत उनके पिता है, जो उनके दिल में बसते हैं।

29 वर्ष की मनीषा ने कजाखस्तान के अस्ताना में इतिहास रच दिया जब वह सीनियर कुश्ती विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली भारत की पहली महिला पहलवान बन गई। एशियाई खेलों की नाकामी की बखूबी भरपाई करते हुए उन्होंने कैरियर की सबसे बड़ी जीत हासिल की। एशियाई खेलों से खाली हाथ लौटी मनीषा ने अपने कोच वीरेंदर दहिया की सलाह मानकर विश्व चैंपियनशिप पर पूरा फोकस रखा,जिसकी उन्हें फायदा मिला।

पिता ने निभाई कैरियर में अहम भूमिका

मनीषा के लिए यह जीत पदक से कहीं अधिक मायने रखती है। उन्हें कुश्ती में उतारने वाले पिता ने उनके कैरियर में अहम भूमिका निभाई लेकिन 2022 में उनका निधन हो गया।



राशिफल

मेष — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

वृष — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पति से आय के साधन बन सकते हैं।

मिथुन — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

कर्क — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

सिंह — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

कन्या — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

तुला — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

वृश्चिक — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

धनु — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

मकर — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

कुंभ — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

मीन — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

शब्द पहेली - 6395



बाएँ से दाएँ
1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

ऊपर से नीचे
2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

शब्द पहेली- 6394 का हल

	सो	लि	या	जां	धी		म	हा	न	ता
खाना		प		र	क्ष	क		म	ल	
वा		म	न	लि	ज		र	ग		मे
ब	ला	त			या	दा		म	ह	ल
दो		दा		क	ला		आ		व	
ल	य	न	क	क्ष		दि	शा	ही	न	ता
	म		प		ह	ल		न		क
का	ज	ल		शा	म			त	ह	त
म		त	य		व	फा	दा	र		व
चो	र		की	म	त		म		का	र
र	म	जा	न		न	य	न	ज	ल	

सूडोकु नवताल - 6405

कठिनतम

7							4	
		5		3			7	
					8			2
					1	9		
	2						8	
		6	7					
1			4					
	9			2		5		
	8							1

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6404 का हल

8	4	5	6	1	3	7	2	9
7	2	6	4	9	5	3	8	1
9	3	1	7	8	2	6	5	4
1	7	2	9	6	8	4	3	5
5	6	9	3	2	4	1	7	8
4	8	3	5	7	1	9	6	2
2	9	7	1	5	6	8	4	3
3	1	8	2	4	7	5	9	6
6	5	4	8	3	9	2	1	7

Symbol of Trust
at
Since 1957

पुष्य नक्षत्र
रविवार, 1 नवम्बर 2026

शुभ नक्षत्र का स्वर्णिम संयोग,
सात दशकों के विश्वास के संग

7 दशकों की स्वर्णिम विरासत.

AT ज्वेलर्स केवल एक प्रतिष्ठान नहीं, बल्कि पीढ़ियों से संजोई गई शुद्धता, उत्कृष्ट कारीगरी और अटूट विश्वास की विरासत है। हमारे अपने कारखाने में निर्मित हर आभूषण बेमिसाल शिल्पकला, बारीक नक्काशी और प्रमाणित शुद्धता का अद्वितीय संगम है।
यहाँ हर डिज़ाइन केवल गढ़ा नहीं जाता, बल्कि पीढ़ियों की अनमोल विरासत बनने के लिए सँवारा जाता है।
कीमतों में पूरी पारदर्शिता के साथ हमारे यहाँ नैचुरल हीरों उपलब्ध है।

शुभ खरीदारी का शुभ अवसर
समृद्धि के हर कदम पर
at सदैव आपके साथ

एक्सक्लूसिव वेडिंग ज्वेलरी | दुर्लभ रत्नों को समेटे कुंदन ज्वेलरी | अद्भुत कलाकारी से सजी डायमंड ज्वेलरी | राजसी वैभव की परिभाषा पोलकी ज्वेलरी | प्रकृति का रंगीन संसार राशि रत्न | आकर्षक चाँदी के आभूषण | चांदी के बर्तन और मूर्तियां

An ISO 9001:2015 Company
अनोपचंद तिलोकचंद
ज्वेलर्स प्रा.लि.

AT पैलेस, सिटी कोतवाली, रायपुर
94255-62811, 0771-2225363

• रायपुर • बिलासपुर • कोरबा

Scan QR for Location
FOLLOW US ON atjewels.in

HALLMARKED GOLD BIS | IGI | VALET PARKING AVAILABLE

सोना अब सिर्फ एक गहना नहीं, एक समझदारी भरा निवेश है, हम लाएं है 2 बेहतरीन सेविंग्स स्कीम्स
GOLD CLUB DIAMOND CLUB

सोने - चांदी के सिक्के

सर्टिफाइड असली राशि रत्न एवं उपरत्न
CERTIFIED GEMSTONES

• NO EXTRA CHARGES ON CARD PAYMENTS• ALL PAYMENT MODES ACCEPTED• FREE JEWELLERY INSURANCE



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com